

दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K✌K

RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-30 अंक-284 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) गुरूवार 26 दिसम्बर 2024 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## केन-बेतवा नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना से पूरे बुंदेलखंड क्षेत्र में खुलेंगे समृद्धि और खुशहाली के नये द्वार : प्रधानमंत्री श्री मोदी

### विकसित भारत के लिए विकसित मध्यप्रदेश बनाने में बुंदेलखंड का होगा अहम रोल








भोपाल (ए) । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पिछले 1 वर्ष में मध्यप्रदेश में विकास कार्यों को नई गति मिली है। आज मध्यप्रदेश में हजारों करोड़ की विकास परियोजनाओं की शुरुआत हुई है। भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई के सपने को साकार करती हुई देश की पहली नदी जोड़ी परियोजना केन-बेतवा का आज यहाँ शिलान्यास हुआ है। इसके साथ ही देश के पहले फ्लोटिंग सोलर पॉवर प्रोजेक्ट, ओंकारेश्वर का भी शिलान्यास हुआ है। इसके लिए मध्यप्रदेश के कर्मठ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार और यहां की जनता को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं।प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अपने संबोधन की शुरूआत बुंदेलखंडी बोली में करते हुए कहा, वीरों की धरती ई बुंदेलखंड पे रहबे बारे सबई जनन खों हमाई तरफ से हाथ जोड़के राम-राम पौंचे। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि देश के विकास में अटल जी का योगदान सदैव याद रखा जाएगा। वे सुशासन के प्रतीक थे। आज उनकी जन्म शताब्दी के अवसर पर उनकी स्मृति में मध्यप्रदेश में 1153 अटल ग्राम सेवा सदन का निर्माण प्रारंभ हो रहा है, जिसकी पहली किश्त भी जारी की गई है। सुशासन हमारी सरकार की पहचान है। हमारे लिए जनहित, जनकल्याण और विकास सर्वोपरि है। हम जन सामान्य के लिए समर्पित हैं। आजादी के दीवानों ने देश के लिए अपना लहू बहाया था, हम उनके सपनों को पूरा करने के लिए पसीना बहाते हैं। अच्छी योजनाओं के साथ ही उन्हें लागू करना और उनका लाभ 100 प्रतिशत लाभार्थी तक पहुंचाना सुशासन का पैमाना है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि केन-बेतवा लिंक परियोजना से बुंदेलखंड क्षेत्र की समृद्धि और खुशहाली के द्वार खुलेंगे। बुंदेलखंड क्षेत्र में बूंद-बूंद पानी के लिए संघर्ष किया है, परंतु पूर्ववर्ती सरकारों ने जल संकट का कोई स्थाई समाधान नहीं निकाला। आजादी के सात दशक बाद भी राज्यों के बीच नदियों के जल के लेकर विवाद चलते रहे, परंतु उन्हें दूर करने का कोई ठोस प्रयास नहीं किया गया। जब अटल जी की सरकार बनी तो उन्होंने नदी जोड़ो के रूप में इसका स्थाई हल निकाला और उसका कार्य भी शुरू कर दिया गया, परन्तु 2004 के बाद वह बंद कर दिया गया। आज अटल जी का नदी जोड़ने का सपना मध्यप्रदेश की भूमि पर साकार होने जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने जल शक्ति और जल संसाधन के विकास के लिए लिए बाबा साहेब अंबेडकर के विजन और किए गए प्रयासों की सराहना भी की।

### मां नर्मदा के आशीर्वाद से गुजरात का भाग्य बदला

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि जल समस्या 21वीं सदी की सबसे बड़ी चुनौतियों में एक है। वही देश आगे बढ़ेगा जिसके पास पर्याप्त जल और उसका उचित प्रबंध होगा। गुजरात में सूखा पड़ता था परंतु मां नर्मदा के आशीर्वाद से गुजरात का भाग्य बदल गया। मध्यप्रदेश ने सूखाग्रस्त गुजरात को जलयुक्त बनाया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि मैंने बुंदेलखंड की बहनों और किसानों से जो वादा किया था, आज मैं 45 हजार करोड़ रूपये की सिंचाई परियोजना के साथ उसे पूरा करने आया हूं। आज यहां दौधन बांध का शिलान्यास हुआ है। इससे जो नहर निकलेगी वो लगभग 11 लाख हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई करेगी।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश में यह दशक जल सुरक्षा और जल संरक्षण के दशक के रूप में याद किया जाएगा। देश में पिछले सात दशक में सिर्फ 3 करोड़ परिवारों के पास नल से जल पहुंचता था।

## प्रधानमंत्री श्री मोदी की पहल से चंबल-मालवा और बुंदेलखण्ड में होगी पर्याप्त पेयजल और सिंचाई की व्यवस्था : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल (ए)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मध्यप्रदेश के संदर्भ में आधुनिक युग के भगीरथ हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार राजा भगीरथ के प्रयासों से अवतरित हुई गंगा जी ने सभी को नया जीवन प्रदान किया था, उसी प्रकार प्रधानमंत्री श्री मोदी ने भारत में नए युग का सूत्रपात किया है। सकारात्मक सोच और प्रयासों से 10-12 साल में किस प्रकार परिस्थितियों में सुधार होता है, प्रधानमंत्री श्री मोदी का कार्यकाल इसका श्रेष्ठ उदाहरण है और हम सब इसके प्रत्यक्षदर्शी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सभी प्रकार से संपन्न वीरों की भूमि बुंदेलखंड, सूखे से सदैव प्रभावित रहा। पिछली सरकारों ने बुंदेलखंड के विकास को प्राथमिकता नहीं दी। पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने क्षेत्र को सूखा मुक्त करने और जल की पर्याप्त व्यवस्था करने का सपना देखा था। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इस सपने को धरातल पर उतारने की पहल की। केन बेतवा लिंक परियोजना के शुभारंभ के साथ ही कुछ दिन पहले 35 हजार करोड़ रूपए लागत की पार्वती-काली सिंध-चंबल लिंक परियोजना का शुभारंभ ऐतिहासिक था। इन परियोजनाओं से चंबल, मालवा और संपूर्ण बुंदेलखंड क्षेत्र को पीने का पानी एवं सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी और उद्योग-धंधों को पानी मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की बुंदेलखंड क्षेत्र में पूर्व में तीन यात्राएं हुईं। इन यात्राओं में उन्होंने बुंदेलखंड के कष्ट को समझा और आज क्षेत्र के लोगों को होली-दिवाली मनाने जैसी सौगातें प्रदान की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सौगात के लिए प्रदेशवासियों की ओर से प्रधानमंत्री श्री मोदी का आभार व्यक्त किया।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में प्रदेश में सुशासन के सभी प्रबंध किये जा रहे है। गरीब, युवा, किसान सहित सभी वर्गों की चिंता करने के साथ ही प्रधानमंत्री श्री मोदी ने लोकतंत्र को भी पुष्पित-पल्लवित किया है। इसलिये गरीब किसान परिवार के व्यक्ति का मुख्यमंत्री बनना संभव हुआ। प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा सरकार-समाज-व्यवस्था सभी का समान रूप से ध्यान रखते हुए प्रस्तुत आदर्श के लिए उनका अभिनंदन है। ऐसे विजन से ही लोगों के जीवन की दिशा बदलती है।



## जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल में बर्फबारी, कई राज्यों में छाया कोहरा

### हरियाणा में विजिबिलिटी 10 तो दिल्ली में 100 मीटर, बर्फबारी से 223 सड़कें बंद



नई दिल्ली, (ए)। जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी जारी है। लाहौल और स्पीति का कुकुमसेरी सबसे ठंडा रहा। यहां रात का तापमान माइनस 6.9 डिग्री से भी नीचे चला गया। हिमाचल में बर्फबारी के बाद तीन नेशनल हाईवे समेत 223 सड़कें बंद हो गई हैं। इसमें शिमला की 145 सड़कें हैं, जबकि कुल्लू में 25 और मंडी जिलों में 20 सड़कें बंद हैं। इससे वहां पहुंचे पर्यटक फंस गए हैं। सड़कों पर गाड़ियों की लंबी-लंबी कतारे नजर आ रही हैं। बर्फबारी के कारण लद्दाख, पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में भी पारा गिर गया है। सोनमर्ग में रात भर बर्फबारी हुई है। आईएमडी ने कहा है कि पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, मध्य महाराष्ट्र, पश्चिम उत्तर प्रदेश, चंडीगढ़ और मराठवाड़ा में 26 दिसंबर को ओले पड़ने की संभावना है। वहीं, विदर्भ और मध्य प्रदेश में 27 और 28 दिसंबर को ओले गिर सकते हैं। राजस्थान और दिल्ली में भी बारिश हुई। मौसम विभाग के मुताबिक अगले दो दिन दिल्ली-एनसीआर, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में तापमान और कम हो सकता है। 9 राज्यों में घने कोहरे का भी अलर्ट जारी किया गया है। हरियाणा के कुछ जिलों में विजिबिलिटी 10 मीटर से कम हुई। वहीं, दिल्ली में विजिबिलिटी घटकर 100 मीटर से कम हो गई है।

## कूनो से निकला चीता श्योपुर की सड़कों पर दौड़ता नजर आया

श्योपुर (आरएनएस)। कूनो नेशनल पार्क के जंगल से निकला चीता वायु श्योपुर शहर में घुस गया। उसका शहर की सड़कों पर दौड़ लगाते वीडियो सामने आया है। चीता ने एक कुत्ते का शिकार भी किया है। ये वीडियो मंगलवार-बुघवार की दरमियानी रात का बताया जा रहा है। चीता वायु शहर के वीर सावरकर स्टेडियम के पास देखा गया। बुधवार को सुबह उसकी लोकेशन बेला भीमलत गांव के पास सामने आई है। कूनो नेशनल पार्क की चीता ट्रैकिंग टीम इस चीते को ट्रैक कर रही है।चीता स्टेडियम, कलेक्ट्रेट और ईको सेंटर होते हुए बावंदा नाले तक पहुंचा है। इस इलाके से सामान्य और कूनो वन मंडल का बफर जोन का जंगल लगा हुआ है।

## 1500 फीट गहरी खाई में गिरी बस, मची चीख-पुकार, 4 यात्रियों की मौत

नैनीताल (आरएनएस)। उत्तराखंड के भीमताल में बुधवार को एक भीषण सड़क हादसा हुआ जिसमें एक रोडवेज बस करीब 1500 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। इस हादसे में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई है और कई अन्य घायल हुए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, भीमताल से हल्द्वानी जा रही इस बस में करीब 20 से 27 यात्री सवार थे। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और एसडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया। घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया है।

## बांग्लादेशी आतंकी संगठन शुभेंदु अधिकारी को बना सकता है निशाना, खुफिया एजेंसियों ने जारी किया अलर्ट



कोलकाता (आरएनएस)। केंद्रीय खुफिया एजेंसियों ने पश्चिम बंगाल सरकार को विधानसभा में विपक्ष के नेता (एलओपी) शुभेंदु अधिकारी पर संभावित आतंकी हमले के बारे में सचेत किया है। यह हमला बांग्लादेश स्थित कट्टरपंथी संगठन के सहयोगियों द्वारा किया जा सकता है, जो पड़ोसी देश के साथ लगती सीमा के जरिए भारतीय क्षेत्र में पहले ही प्रवेश कर चुके हैं। सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसियों की ओर से राज्य सचिवालय को भेजी गई दो सूचनाओं में यह स्पष्ट रूप से कहा गया है कि विपक्ष के नेता दो बांग्लादेशी कट्टरपंथी संगठनों जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) और हिज्ब-उत-तहरीर (एचयूटी) के निशाने पर हैं।सूत्रों ने बताया कि खुफिया रिपोर्टों में यह भी दावा किया गया है कि विपक्ष के नेता को उन कई सार्वजनिक कार्यक्रमों में निशाना बनाया जा सकता है, जिनमें वह रोजाना भाग ले रहे हैं।





## संध्या थिएटर भगदड़ मामला : अल्लू अर्जुन ने पीड़ित परिवार को 2 करोड़ रुपए की सहायता राशि दी


हैदराबाद(आरएनएस)। पुष्पा 2 : द रूल के मेकर्स के साथ ही अभिनेता अल्लू अर्जुन ने 4 दिसंबर को संध्या थिएटर में फिल्म के प्रीमियर शो के दौरान भगदड़ में दम तोड़ने वाली महिला और गंभीर रूप से घायल उनके बेटे की तरफ मदद का हाथ बढ़ाया है। पीड़ित परिवार के लिए दो करोड़ रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की गई है। यह घोषणा अल्लू अर्जुन के पिता और मशहूर निर्माता अल्लू अरविंद बुधवार को केआईएमएस अस्पताल में इलाज करा रहे भगदड़ में घायल श्री तेजा से मुलाकात के बाद की।अल्लू अरविंद ने मीडिया को बताया कि 2 करोड़ रुपए का चेक तेलंगाना राज्य फिल्म विकास निगम के अध्यक्ष दिल राजू को सौंप दिया गया।

उन्होंने बताया कि लड़के और उसके परिवार की मदद के लिए फिल्म यूनिट ने 2 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता देने का फैसला किया है।

## भूकंप के झटकों से दहले रोहतक और आसपास के जिले, लोगों में दहशत

रोहतक (आरएनएस)। हरियाणा के रोहतक और उसके आसपास के जिलों में बुधवार को दोपहर करीब 12:28 बजे भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए, जिससे लोग दहशत में अपने घरों और दफ्तरों से बाहर निकल आए। ये झटके करीब पांच सेकंड तक जारी रहे, और लोग एक-दूसरे को सचेत करते हुए सड़कों पर आ गए। रोहतक के सेक्टर-4 समेत अन्य इलाकों में लोग पार्कों और खुली जगहों पर इकट्ठा हो गए, ताकि सुरक्षित रह सकें। भूकंप के झटके इतने तेज थे कि कई घरों और इमारतों में रखे सामान भी हिलते हुए दिखाई दिए। हालांकि, भूकंप के केंद्र और इसकी तीव्रता की अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी नहीं मिली है। अभी तक किसी प्रकार के जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और सतर्क रहें। भूकंप के बाद कुछ देर तक सामान्य जनजीवन में हलचल मच गई, लेकिन अब स्थिति सामान्य हो गई है।







मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ग्वालियर में गौरव दिवस पर पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश पर राजस्थान, उड़ीसा और छत्तीसगढ़ राज्य को बाघ देने की स्वीकृति जारी

### केन्द्र की अनुमति के बाद बाघों का होगा हस्तांतरण

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर राज्य शासन द्वारा राजस्थान, उड़ीसा और छत्तीसगढ़ राज्य को बाघ हस्तांतरित करने के आदेश जारी कर दिये गये हैं। जारी आदेश में बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व, पेंच टाइगर रिजर्व और कान्हा टाइगर रिजर्व से राजस्थान को 4 मादा बाघ, उड़ीसा को एक नर एवं 2 मादा बाघ और छत्तीसगढ़ राज्य को 2 नर एवं 6 मादा बाघ सौंपे जायेंगे।जारी आदेश में कहा गया है कि बाघ देने की सैद्धांतिक प्रक्रिया में बाघ एवं बाघिन को ट्रांसलोकेट करने की कार्यवाही अधिकृत पशु चिकित्सक की देखरेख में की जाये। बाघों के जीवन को किसी प्रकार का खतरा न हो, इसका ध्यान रखा जाये। ट्रांसलोकेट किये जाने का सम्पूर्ण व्यय संबंधित राज्य द्वारा वहन किया जायेगा। हस्तांतरण की विधिवत अनुमति भारत सरकार से प्राप्त की जाये।

# सौरभ शर्मा को खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी, एयरपोर्ट पहुंचते ही पकड़ा जा सकेगा

भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश में परिवहन विभाग में काली कमाई और अन्य स्रोतों से करोड़ों रुपये की संपत्ति अर्जित करने वाले परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा के विरुद्ध लुक आउट सर्कुलर (एलओसी) जारी हो गया है। अब एयरपोर्ट पहुंचते ही उसे पकड़ा जा सकेगा। आयकर विभाग ने एलओसी जारी किया गया है। भोपाल में बैंक खाते बेचने वालों का पर्दाफाश, 3 महीने में सिर्फ दो खातों में ठगी के 5 करोड़ का लेनदेनभोपाल में बैंक खाते बेचने वालों का पर्दाफाश, 3 महीने में सिर्फ दो खातों में ठगी के 5 करोड़ का लेनदेनसौरभ के करीबी चेतन गौर से भी इस संबंध में पूछताछ की गई है। इसके साथ ही विदेश में निवेश की जानकारी भी आयकर विभाग जुटा रहा है। हवाला का संदेह इसलिए भी हो रहा है कि ढाई-ढाई लाख रुपये वाली गड्डियां मिली हैं, जो हवाला में उपयोग होती हैं।

आयकर की टीम ने भोपाल के मेंडोरी गांव



में खड़ी एक कार में 54 किलो सोना, लगभग 10 करोड़ रुपये नकद के साथ एक डायरी भी मिली थी। इस डायरी में कई आरटीओ, चेक पोस्ट के अधिकारी और नेताओं के नाम हैं।आयकर विभाग अब इन्हें भी पूछताछ के लिए बुलाने की तैयारी कर रहा है। यह कार सौरभ के सहयोगी चेतन के नाम पर है, पर उपयोग सौरभ ही कर रहा था। सोने के मामले में डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (डीआरआई) को भी सूचना दी है। वहीं, मंगलवार को मामले की पड़ताल के लिए भोपाल से लोकायुक्त की टीम ग्वालियर पहुंची। टीम के सदस्य हुरावली स्थित परिवहन मुख्यालय पहुंचे, जहां अधिकारियों से उससे जुड़ी जानकारी मांगी।परिवहन विभाग में सौरभ की अनुकंपा नियुक्ति को लेकर पड़ताल की जा रही है, इसके साथ ही मुख्यालय से लेकर पूरे विभाग में उसके नजदीकियों की जानकारी भी जुटाई।

लोकायुक्त टीम ने ग्वालियर मे सौरभ के ठिकानों पर भी पड़ताल की। इस मामले में पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने परिवहन घोटाला बताया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की निगरानी में इस मामले की जांच कराने की मांग की है। साथ ही दिग्विजय सिंह ने इस प्रकरण में प्रदेश के पूर्व परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत की भूमिका की जांच करने और सौरभ शर्मा और उसके सहयोगियों की गिरफ्तारी की बात भी उठाई।

## गुरु गोविंद सिंह जी के चार साहिबजादों के शहादत दिवस को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाएगा

भोपाल(निप्र)। गुरु गोविंद सिंह जी के चार साहिबजादों के शहादत दिवस को वीर बाल दिवस के रूप में प्रत्येक वर्ष 26 दिसम्बर को मनाया जाता है। मध्यप्रदेश शासन द्वारा इस वर्ष वीर बाल दिवस को व्यापक पैमाने पर आयोजित किया जा रहा है।इसके अंतर्गत प्रत्येक जिला मुख्यालय पर स्थानीय सहयोग से 'वीर बाल दिवस' को केन्द्र में रखते हुए पंजाबी साहित्य, पंजाबी बोली, पंजाबी गीत-संगीत आदि पर केन्द्रित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। पंजाबी साहित्य अकादमी द्वारा चार साहिबजादों के शहादत के शौर्य पर केन्द्रित लघु फिल्म (अवधि 15 मिनिट) तैयार की गई है, इस कार्यक्रम के अंतर्गत जिलों में लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया जायेगा।

# परिवहन चेकपोस्ट शासन आदेश के तहत 1 जुलाई 2024 से बंद कर दिये गये थे

भोपाल(निप्र)। परंतु परिवहन विभाग द्वारा शासन के निर्णय विरूद्ध जाकर मेरे विधानसभा क्षेत्र खुरई अंतर्गत म.प्र. उ.प्र. की सीमा पर स्थित मालथौन (अटा) चेकपोस्ट की पुरानी व्यवस्था को स्थाई रूप से चैकिंग पॉइंट बनाकर अनावश्यक रूप से चालकों एवं मालकों को अवैध बसूली कर परेशान किया जा रहा हैदिनांक 8 दिसम्बर 2024 को अवैध बसूली से डरकर भाग रहा एक ट्रक पलट गया जिस कारण बड़ी दुर्घटना होने बचीउक्त ट्रक अपनी गति से जा रहा था कि अचानक चेक पॉइंट पर बिना ड्रेस में उपस्थित स्थफद्वारा बैरीकेट लगा दिये गये और वह ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया और उसमें भरा सामान सड़क पर फैल गयाघटना से प्रताड़ित होकर ट्रक ड्राइवर द्वारा विखरे सामान पर तेल डालकर अपना गुस्सा प्रकट करने का प्रयास किया गया इस घटना के बाद सभी ट्रक ड्राइवरों, मार्ग से जा रहे दो पहिया और चार पहिया निजी वाहन यात्रियों और स्थानीय नागरिकों ने आऐ दिन इस पॉइंट पर हो रहे घटनाक्रमों के विरोध में चक्काजाम कर दिया जो तीन थानों के पुलिस बल द्वारा कन्ट्रोल किया गया और चक्काजाम दिनभर जारी रहाइस पॉइंट पर विगत तीन-बार माहों से दिन-प्रतिदिन हो रहे जाम, विवाद से जनमानस परेशान हैपॉइंट पर पदस्थ अमले की बसूली और दुर्व्यवहार के कारण क्षेत्र में हमेशा तनाव की स्थिति बनी रहती है मेरे क्षेत्र के इस स्थान पर आए दिन हो रहे चक्काजाम के कारण शासन विरूद्ध मानसिकता पनप रही है और असंतोष का वातावरण बन रहा हैपरिवहन आयुक्त मध्यप्रदेश द्वारा रोड सेफ्टी एंड इंफोर्समेंट चेकिंग पॉइंट प्रभारियों को जारी आदेश क्र. 47/टीसी/24 दिनांक 12/07/2024 में दिये गये दिशा-निर्देशों का खुलेआम उलंघन इस चेक पॉइंट पर किया जा रहा है ट्रैफिक जाम न हो, मोटर यान अधिनियम के तहत ही शमन शुल्क बसूली हो, सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हो, बर्दी में ही स्टाफउपस्थित हो, चेक पॉइंट की मुहर (सील) का ही उपयोग हो, अनुशासित व्यवहार हो, कैशबुक और रोजनामचा संचारित हो, रोजनामचा में घटनाक्रमों का संवारण हो, बॉडी बोर्न कैमरे का उपयोग हो, ई-चालान पीओएस मशीन से होयहां की गतिविषियों के अनेक वीडियो फुटेज भी उपलब्ध है परंतु पुलिस द्वारा भी कोई कार्रवाई नहीं की गईपरिवहन अमला और असामाजिक तत्वों की डबल बसूली से अव्यवस्था की स्थिति बन रही है। परिवहन चेकपोस्ट पर हो रही अनैतिक गतिविधियोंअवैध बसूली और अपराधिक घटनाओं के कारण आमनागरिकों एवं परिवहन चालकों/मालिकों व परिवहन क्षेत्र से जुड़े नागरिकों में आक्रोश व रोष व्याप्त है।

## श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की 100 वीं जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन

भोपाल (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी के शिखर पुरुष, करोड़ों कार्यकर्ताओं के प्रेरणास्रोत, पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न से सम्मानित श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की 100 वीं जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन। इस शुभ अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जोबट विधानसभा प्रभारी विशाल जी रावत के मार्गदर्शन में जोबट मंडल अध्यक्ष नरेंद्र मंडलोई जी पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष नाना भाई धर्मेंद्र जी सोनी श्री सुरपाल जी अजनार नगर पंचायत उपाध्यक्ष श्रीअमृतलाल जी राठौड़ भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मांगीलाल जी जैन साहब और नगर पंचायत के सभी जनप्रतिनिधि पार्षद गण जनपद अध्यक्ष पति भूपेंद्र सिंह भूरिया मनोज जी चौबे संजय जी वाणी मनीष जी जैन व सभी भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने व नगर के सभी पत्रकार बंधुओ ने स्वर्गीयअटल बिहारी वाजपेई जी के अटल टर्मिनल बस स्टैंड पर माल्यार्पण कर के जय घोष के नारे लगाते हुए स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर मरीजोको कम्बल व फ्लो का वितरण क्या और सभी मरीजों को उत्तम स्वास्थ्य मिले व जल्द स्वस्थ होकर देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी की व मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय डॉ मोहन यादव जी की योजनाओं के सहभागी बनकर सबका साथ सबका विकास में अग्रणी बनने की कामना की।

# दो समूहों के बीच झड़प, 14 लोगो के खिलाफ एफआईआर

## -पीएचक्यू ने तलब की रिपोर्ट, डीजीपी ने जताई नाराजगी



भोपाल(ए)। राजधानी भोपाल के जहॉगिराबाद थाना इलाके में मंगलवार को दो पक्षो के बीच हुई झड़प के बाद फिलाहाल हालात सामान्य है, लेकिन एहतियात के लिये क्षेत्र में भारी पुलिस बल की तैनात है। घटना में करीब आधा दर्जन लोग घायल हुए है। पथराव तलवारबाजी करते हुए हमलावरों ने घर के दरवाजों की चादर तक फाड़ डाली। पुलिस ने मामले में दो गुटों के 14 लोगों के खिलाफ बलवा, तोड़फोड़, मारपीट सहित अन्य धाराओ में केस दर्ज किया है, जिसमें एक महिला भी शामिल है। सूत्रो के अनुसार दो पक्षों के बीच हुए विवाद को लेकर पीएचक्यू ने घटना की रिपोर्ट तलब की है। इसे लेकर डीजीपी कैलाश मकवाना ने पुलिस कमिश्नर हरिनारायण चारी मिश्र से बात की। बताया जा रहा है कि डीजीपी ने घटनाक्रम पर नाराजगी जताते हुए पूछा है की समुदाय के लोग एक धार्मिक स्थल पर जमा होते रहे इसकी भनक पुलिस के लोकल इंटेलिजेंस को क्यो नहीं लग सकी। पुलिस के अनुसार जहांगीराबाद इलाके की पुरानी गल्ला मंडी के पास रविवार को दो बस्ती से तेज स्पीड में बाइक निकालने पर रघुवीर सिंह का विवाद फैज, माइकल, जहीर, समीर, सैफ से हो गया था। आरोपियों ने चाकू से रघुवीर पर वार कर उसे घायल कर दिया था। पुलिस प्रकरण दर्ज कर दो आरोपियो को गिरफ्तार कर लिया था। वहीं दो आरोपी फरार थे। मंगलवार को एक फरार आरोपी को मोहल्ले में देख फिर झड़प हो गई थीं। विवाद बढ़ने पर महिलाएं और पुरुष लाठी, डंडे और तलवारों से लैस होकर पहुंचे और माइकल से मारपीट कर दी। जान बचाने के लिए माइकल एक घर में जा घुसा तब हमलावरों ने उस घर के दरवाजे की चादर तलवार से फाड़ दी। और यहॉ खड़े कई वाहनो में तोड़फोड़ कर डाली। फरियादी शाहवर उर्फ माइकल ने बताया कि सुबह करीब साढ़े 10 बजे वह बिस्किट लेने जा रहा था, बरखेड़ी चौराहे पर सरदार मोहल्ले के रहने वाले डूंम, हुकुम सिंह, ओमकार, बैताब, जालिम सिंह, अर्जुन, कर, चमेली, जंगलू, निहलू, टोपू, शैलेंद्र, महेंद्र आचे वहां पहुंचे। उनके हाथों में रॉड, डंडे और धारदार हथियार थे।

## तेज रफ्तार दो पहिया वाहन की टक्कर से घायल युवक ने कुछ घंटो बाद तोड़ा दम

भोपाल (ए.)। टीटी नगर थाना इलाके में स्थित पत्रकार कॉलोनी के सामने तेज रफ्तार दो पहिया वाहन चालक ने एक युवक को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में गंभीर रुप से घायल युवक को इलाज के लिये अस्पताल पहुंचाया गया जहॉ कुछ घंटे चले इलाज के बाद उसने दम तोड़ दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कोलार कॉलोनी, शिव मंदिर के पास चुनाभट्टी में रहने वाले अर्जुन सिंह ठाकुर पिता स्वर्गीय चैन सिंह ठाकुर (50) निजी काम करते थे। मंगलवार शाम करीब साढ़े 7 वह पत्रकार कॉलोनी के पास से होते हुए पैदल अपने घर जा रहे थे। उसी समय पत्रकार कॉलोनी के सामने माता मंदिर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार वाहन चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए अर्जुन को पीछे से टक्कर मार दी थी। सूचना मिलने पर गंभीर रुप से घायल अर्जुन को एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिये जेपी अस्पताल पहुंचाया गया वहॉ उनकी नाजुक देखते हुए हमीदिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# भाजपा का यह कैसा सुशासन या कुशासन की थीम पर भाजपा के विरुद्ध प्रदेश भर में विरोध प्रदर्शन

### बाबा साहेब का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान के नारे के साथ शाह से इस्तीफे की मांग

भोपाल (आरएनएस)। भाजपा 25 दिसंबर को लोकप्रिय एवं सर्वमान्य नेता अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन के अवसर पर सुशासन दिवस मनाती है और गुड गवर्नन्स की बात करती है लेकिन जो सपना वाजपेयी जी ने देखा था उनकी ही पार्टी वर्तमान में सत्ता के नशे में मदहोश होकर चकनाचूर कर रही है और भारत देश के साथ ही मध्यप्रदेश में भी कही से नहीं लगता की प्रदेश में सुशासन व्यापत है। आज इस अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी को याद करते हुए उनके सपनों को याद करते हुए आम आदमी पार्टी ने वर्तमान में काबिज डबल इंजन की मोदी यादव सरकार से लोकप्रिय नेता अटल बिहारी वाजपेयी के नाम से भाजपा का यह कैसा सुशासन या कुशासन की थीम पर प्रदेश के वर्तमान हालत के ऊपर सवाल कर जवाब मांगे है। सभी जिलो में आप साथियो द्वारा विरोध प्रदर्शन के समय एक बड़ा फ्लैक्स लेकर जंगी विरोध प्रदर्शन किया गया जिसमे सवालो के माध्यम से उल्लेखित था की प्रदेश में लोकप्रिय नेता वाजपेयी के सुशासन के नाम से भाजपा का यह कैसा सुशासन या कुशासन जहा प्रदेश में रोज लाड़लियों , महिलाओ के साथ हो रहे दुष्कर्म ? आदिवासियों ,दलितों के साथ हो रहे अत्याचार ? सत्ता पक्ष के विधायक गुंडों से त्रस्त होकर हो रहे दंडवत ? सरकारी अस्पतालों में डॉक्टर ,दवाई ,विश्वस्तरीय सुविधाएं नहीं? बंद हो रहे सरकारी स्कूल ? वादे एयर एम्बुलेंस के और मरीजों को 108 भी उपलब्ध नहीं ? हर नागरिक पर रूपये 50000 का सरकारी कर्जा ? हत्या, डकैती, चोरी जैसे अपराधों में हो रही प्रतिदिन बढ़ोतरी ? सिंहस्थ की जमीन में हो रही हेराफेरी ? लाखो शिक्षित युवाओं को रोजगार नहीं ? हो रहा जल जीवन मिशन , नर्सिंग , पोषण आहार , परीक्षा घोटाला ? लाखो रिक्त सरकारी पदों पर भर्ती नहीं ? सरकारी कार्यालयों में बिना भ्रष्टाचार के काम नहीं ? नागरिको को फ्री और सस्ती बिजली उपलब्ध नहीं ? खुलेआम बिक रहा नशा ? ईडी की तानाशाही से कारोबारी कर रहे आत्महत्या ? भाजपा के नेताओं के खौफसे सरकारी कर्मचारी कर रहे आत्महत्या ? उच्च राजनीतिक एवं प्रशासनिक संरक्षण में हो रही जंगलों की अवैध कटाई ? उच्च राजनीतिक एवं प्रशासनिक संरक्षण के चलते परिवहन विभाग के कर्मचारी उगल रहे सोना, चांदी , करोड़ो की सम्पति ,करोड़ो का नकद ? ।

# कांग्रेस के संपर्क में इमरती, लड़ेंगी कांग्रेस के टिकट पर चुनाव ?

भोपाल (आरएनएस)। मध्यप्रदेश के ग्वालियर चंबल की सियासत को हिलाकर रख देने वाली खबर सामने आई है। कांग्रेस के पूर्व मंत्री और वरिष्ट नेता लाखन सिंह यादव ने एक बयान देकर सियासत में उबाल पैदा कर दिया है। लाखन सिंह का अपने बयान में कहना है कि पूर्व मंत्री इमरती देवी कांग्रेस के संपर्क में है, वे अगला चुनाव पार्टी के टिकट पर लड़ेंगी।



**चुनाव हार गई थी इमरती**

दरसअल, डबरा से पूर्व विधायक और कमलनाथ सरकार में महिला बाल विकास मंत्री रही इमरती देवी केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की कट्टर समर्थक मानी जाती है। इमरती देवी ने महाराज ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ पाला बदलकर कमलनाथ सरकार को गिरा दिया था। सिंधिया अपने साथ करीब 28 विधायकों को लेकर ?बीजेपी में शामिल हुए थे। जिसमें इमरती देवी भी शामिल थी, लेकिन इमरती देवी उपचुनाव हार गई थी। चुनाव हारने के बाद भी इमरती देवी को शिवराज सरकार में राज्यमंत्री का दर्जा दिया गया था। बीते विधानसभा चुनावों में इमरती देवी को बीजेपी ने डबरा से टिकट दिया था, लेकिन वे अपने ही समधी से चुनाव हार गई थी।

**इमरती देवी के आरोप**

चुनाव हारने के बाद से इमरती देवी प्रदेश की सियासत से नदारत चल रही थी, इसी बीच बीते दो दिन पहले अपने एक बयान में कमलनाथ सरकार पर कई आरोप लगाए थे। इमरती देवी ने कहा था की कमलनाथ सरकार में कमलनाथ और पूर्व नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह ने मिलकर खूब भ्रष्टाचार किया था, इसलिए वे कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में शामिल हो गई थी।

**कांग्रेस के सपंर्क में इमरती!**

इमरती देवी के इस आक्रामक बयान के बाद कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री लाखन सिंह यादव ने अपने बयान में कहा है कि इमरती देवी कांग्रेस के संपर्क में है। वे अगला चुनाव कांग्रेस के टिकट पर लड़ेंगी। लाखन सिंह ने आगे कहा है कि पता नहीं इमरती देवी कैसी बात कर रहीं हैं, वे कभी मुझसे कहती हैं की मुझे कांग्रेस में ले लो, वे लगातार कांग्रेस में आने का प्रयास कर रही है।

## मुख्यमंत्री जनकल्याण पर्व के अंतर्गत विधायक रामेश्वर शर्मा ने विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया

भोपाल(आरएनएस)। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मध्यप्रदेश सरकार द्वारा 'जनकल्याण पर्व' मनाया जा रहा है। सरकार के इस पर्व के उपलक्ष्य में सोमवार को भोपाल की हुजूर विधानसभा के विधायक रामेश्वर शर्मा ने क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में विभिन्न विकास विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। विधायक ने ग्राम पंचायत सरवर, समसगढ़, बरखेड़ी वाज्याफ्त, मेंडोरी एवं मेंडोरा में मंगल भवन सहित अनेकों सौगातें दी हैं। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ सैकड़ों की संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

- मेंडोरा में सामुदायिक शेड निर्माण, पंचायत भवन, नल-जल योजना हेतु पानी की टंकी, नाली निर्माण, कांक्रीट सड़क निर्माण, तार फेसिंग। मेंडोरी में 24 लाख की लागत से सामुदायिक शेड का निर्माण। बरखेड़ी वाज्याफ्त में सामुदायिक शेड निर्माण एवं कांक्रीट सड़क का निर्माण, कुशलपुरा में श्मशान शेड का निर्माण। समसगढ़ में सामुदायिक शेड का निर्माण। सरवर में सामुदायिक शेड का निर्माण। जनकल्याण पर्व के तारतम्य में विधायक रामेश्वर शर्मा हुजूर की विभिन्न पंचायतों को विकास कार्यों की सौगात देंगे।

# हर पंचायत में पैक्स, सभी को रोजगार एवं सुव्यवस्थित सहकारी आंदोलन ही हमारा लक्ष्य : मंत्री श्री सारंग

## "सहकार से समृद्धि" राज्य स्तरीय संगोष्ठी में शामिल हुए मंत्री श्री सारंग

भोपाल(निप्र)। सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा है कि हर पंचायत में पैक्स, सभी को रोजगार और सुव्यवस्थित सहकारी आंदोलन ही हमारा लक्ष्य है। सहकारिता को आगे बढ़ाने के लिये इसका विस्तार पंचायत स्तर पर करना होगा। सहकारिता के हर एक मूल भाव को आत्मसात करते हुए देश को समृद्ध बनाना ही हमारा लक्ष्य है। पैक्स के माध्यम से हर पंचायत तक रोजगार सृजित हो, इसके लिये बहुउद्देश्यीय पैक्स की अवधारणा गठित की गयी है।

मंत्री श्री सारंग बुधवार को भोपाल के समन्वय भवन में आयोजित "सहकार से समृद्धि" राज्य स्तरीय संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम के पूर्व नई दिल्ली में केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने 10 हजार नवगठित बहुउद्देश्यीय पैक्स, डेयरी और मत्स्य सहकारी समितियों का उद्घाटन किया। कार्यक्रम से सभी प्रदेशों के सहकारिता विभाग के अधिकारी वर्चुअली शामिल हुए।

### परिवार सहकारिता का उत्कृष्ट उदाहरण

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में आमूलचूल परिवर्तन हुए हैं। समृद्ध राष्ट्र के लिये समाज को जोड़ने की जरूरत है और समाज को जोड़ने का केवल एक ही प्रकल्प है, सहकारिता। समाज का निर्माण सहकारिता के माध्यम से ही होता है। सभी की भागीदारी के साथ लक्ष्य को साधने का नाम ही सहकारिता है। परिवार सहकारिता का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। रोजमर्रा की जिंदगी में भी सहकारिता के बिना कुछ नहीं हो सकता। सभी की भागीदारी महत्वपूर्ण होती है।



**पैक्स के माध्यम से हों रोजगार सृजित**

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि भागीदारी और बराबरी होने से अच्छे परिणाम निकलने का प्रतिशत बढ़ जाता है। सहकारी आंदोलन को मजबूत बनाने के लिये सभी वर्ग को जुड़ना होगा। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में हर पंचायत में पैक्स का लक्ष्य पूर्ण करने में सभी की भागीदारी सुनिश्चित हो। पैक्स के माध्यम से रोजगार सृजित हों और सदस्यों को लाभ मिले। उन्होंने कहा कि पैक्स पशुपालन, मत्स्य-पालन और ऋण वितरण तक ही सीमित नहीं रहे, पैक्स पेट्रोल पम्प और गैस एजेंसी भी चलाये, जिसके पास जगह हो वह शादी हॉल, मैरिज गार्डन भी बनायें, इससे पैक्स मजबूत होगा। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि अगले साल तक हर पंचायत में पैक्स हो, यही संकल्प लेने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हमारा नारा है कि बिना सहकार नहीं उद्धार और बिना संस्कार नहीं सहकार। पूर्ण अनुशासन में संस्कार के साथ सहकारी आंदोलन को मध्यप्रदेश में स्थापित करने के लक्ष्य में सभी का सहयोग आवश्यक है।



मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने खजुराहो में साधु संतों का पुष्प वर्षा कर अभिनंदन किया।

## भारत में रहने वाले ईसाई और मुसलमान हिंदू', धीरेंद्र शास्त्री का बड़ा बयान, कहा- उनकी 8वी-9वी पीढ़ी पहले रामलाल, श्यामलाल थे

छतरपुर(आरएनएस)। हिंदू राष्ट्र की मांग करने वाले बागेश्वर धाम के पीठधीश पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने भारत में रहने वाले ईसाई और मुस्लिमों को हिंदू बताया है। साथ ही कहा कि उनकी 8वी-9वी पीढ़ी के लोग पहले रामलाल, श्यामलाल थे। क्रिसमस से एक दिन पहले आयोजित कथा में उन्होंने यह बयान दिया जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दरअसल, कल बागेश्वर धाम से महाराष्ट्र के जलगांव यात्रा के पहले धीरेंद्र शास्त्री की कथा का आयोजन हुआ था। इस दौरान उन्होंने कहा, देश में रहने वाले ईसाई और मुस्लिम भी हिन्दू हैं।



ईसाई और मुसलमानों की 8 वीं 9 वीं पीढी हिन्दू थी। सभी पहले राम लाल,श्याम लाल थे। सब सनातनी हैं। कोई पराया नहीं है। उन्होंने आगे कहा, हमनें प्रण कर लिया है की जब तक जिएगे हम नहीं सुधरेंगे। हम हिन्दू राष्ट्र बनाकर ही मानेंगे। हम तो अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। अपने लिए नहीं लड़ रहे। तुम्हारी जिम्मेदारी है कि आने वाली पीढ़ी और अपनी बहन-बेटियों को सुरक्षित रखना है तो घर से बाहर निकलना पड़ेगा।

# अनिमेष और कुलदीप को 39वीं सब जूनियर राष्ट्रीय सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप जम्मू में स्वर्ण पदक




टीकमगढ़(ए) जिला सॉफ्टबॉल संघ सचिव पी प्रसन्ना कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि 39 वीं सब जूनियर राष्ट्रीय सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप जम्मू (जम्मू कश्मीर) में मध्यप्रदेश के बालकों को स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ। इस प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश टीम में जिले के अनिमेष नायक एवं कुलदीप सिंह दागी ने अच्छे खेल का प्रदर्शन करते हुए मध्य प्रदेश को स्वर्ण पदक दिलवाने में अहम भूमिका निभाई दोनों खिलाड़ी भारतीय खेल प्राधिकरण के सॉफ्टबॉल प्रशिक्षक देवेश चंदेल के मार्ग दर्शन में अभ्यास प्राप्त कर रहे है। इस अवसर पर जिला कलेक्टर अवधेश शर्मा, पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सत्या,यातायात प्रभारी कैलाश पटेल,जिला सॉफ्टबॉल संघ कोषाध्यक्ष मोहम्मद तारिक खान, प्रियंक खरे, प्रिंस परमार, प्रिंस सेन, कृतिका चंद्रा, अंकित राय, अर्चित राय, रितुल कुमार जैन, शिवम् द्विवेदी, वैदेही नायक, सौरभ प्रजापति ने खिलाड़ियों को बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना की।

# प्रधानमंत्री ने खजुराहो में आयोजित कार्यक्रम से नीमच जिले में 22 अटल ग्राम सुशासन भवनों का भूमिपूजन किया

## पंचायतों में कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी देखा गया



नीमच(ए.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खजुराहो में आयोजित कार्यक्रम से नीमच जिले में 22 अटल ग्राम सुशासन भवनों का भूमिपूजन कियापंचायतों में कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी देखा गया नीमच 25 दिसंबर 2024, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छतरपुर जिले के खजुराहो में आयोजित कार्यक्रम से राजगढ़ जिले में 22 अटल ग्राम सुशासन भवनों का भूमिपूजन किया। उक्त कार्यक्रम का जिला पंचायत सभागार में लाइव प्रसारण देखा हुआ सुना गया। नीमच जिले की मनासा जनपद के ग्राम भाटखेडी खुर्द, ग्राम रावतपुरा, नीमच जनपद के ग्राम जागोली में विधायक दिलीप सिह परिहार की उपस्थिति में सुशासन सप्ताह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जी के उदबोधन को सभी ने देखा व सुना

## घर में घुसकर मारपीट करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

देवास (आरएनएस)। औद्योगिक थाना क्षेत्र पुलिस ने घर में घुसकर मारपीट करने वालों को गिरफ्तार किया है। 23 दिसंबर को फरियादी राजेश पिता लालसिंह उम्र 35 वर्ष, निवासी आलिपुर, क्षिप्रा ने थाना औद्योगिक क्षेत्र में रिपोर्ट दर्ज कराई। शिकायत के अनुसार पुराने विवाद को लेकर रमेश, सोनू, सांवरिया और सचिन ने फरियादी को गालियां देते हुए उसके घर पर हमला कर दिया। रमेश और उसके सहयोगियों ने घर के दरवाजे पर लट्ठ मारे और जबरदस्ती घर में घुसकर गाली-गलौज की। इस दौरान रमेश, सोनू और सांवरिया ने फरियादी के साथ मारपीट की, जिससे उसे नाक, मुंह और अन्य जगहों पर चोटें आईं। आरोपियों ने फ रियादी को जान से मारने की धमकी भी दी।

# अवैध हथियारों के निर्माण से ग्राम पचौरी को मुक्त कराने में पुलिस नाकाम



बुरहानपुर (ए)। वर्ष के समाप्त होते होते फिर एक बार पुलिस को ग्राम पचौरी में अवैध हथियारों के निर्माण का बड़ा जखीरा पकड़ने में सफलता मिली है यहां पकड़े गए अवैध हस्त निर्मित 8 पिस्टल के साथ आधे अधूरे निर्मित पिस्टल मैगजीन व अन्य सामग्री जिसका मूल्य लगभग 20 लख रुपए से अधिक होना बताया गया है यह बड़ा जखीरा बरामद हुआ है यहां मजे की बात तो यह है कि पुलिस को मुखबिर से अवैध हथियारों के निर्माण और हथियारों की तस्करी की सूचना तो मिलती है आरोपी भी पकड़े जाते हैं परंतु यहां अवैध कारोबार पर पुलिस दशकों बाद भी बंद नहीं करा कर ग्राम पचौरी को अवैध हथियार निर्माण से मुक्त नहीं करा पाई है जो आश्चर्य की बात है

मंगलवार को भी पुलिस ने यहां दबिश में विधि विरुद्ध बालक सहित दो आरोपियों प्यार सिंग और हरविंदर को हथियारों के अवैध निर्माण करते रंगे हाथों पकड़ा है जो पूर्व में भी अवैध हथियारों के निर्माण में आरोपी है दशकों से सिकलिगर समाज इस अवैध धंधे में लगा है पुलिस सब कुछ जानती है फिर भी यहां अवैध कारोबार फल फूल रहा है आखिर ऐसा क्यों यह एक बड़ा सवाल है जिसका जवाब पुलिस के पास नहीं है ग्राम पचौरी के कारण जिले का नाम अवैध हथियारों के निर्माण की सूची में आता है लेकिन पुलिस सब जानते हुए भी इस पर रोक लगाने में नाकाम है ऐसा क्यों,,,,,,,, ?

## रोजगार, स्वरोजगार, अप्रेंटिशिप मेला का संयुक्त आयोजन 26 दिसम्बर को

टीकमगढ़ (ए.)। जिले के बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार/स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन टीकमगढ़ के सहयोग से शासकीय आईटीआई, शनि मंदिर के पास, जतारा रोड टीकमगढ़ में 26 दिसम्बर को प्रात: 11 बजे से युवा संगम-रोजगार, स्वरोजगार, अप्रेंटिशिप संयुक्त मेले का आयोजन किया जा रहा है।

रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियों में रोजगार एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा स्वरोजगार प्रदान किये जायेंगे। रोजगार मेले में टीमगढ़ जिले के समस्त दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर देश प्रदेश की जानी-मानी निजी कम्पनियों में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं।

## विधायक श्री रोहाणी ने किया सिविल हॉस्पिटल राँझी का निरीक्षण

जबलपुर (ए)। सिविल हॉस्पिटल राँझी का आज मंगलवार को क्षेत्रीय विधायक अशोक रोहाणी ने निरीक्षण किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय मिश्रा भी इस मौके पर उनके साथ थे। श्री रोहाणी ने सिविल हॉस्पिटल की ओपीडी सहित विभिन्न वार्डो का भ्रमण किया और मरीजों से चर्चा कर उन्हें मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल परिसर की स्वच्छता पर और अधिक ध्यान देने के निर्देश भी प्रभारी अधिकारी को निरीक्षण के दौरान दिये। विधायक श्री रोहाणी ने रात के समय उपचार के लिये आने वाले मरीजों को सिविल अस्पताल से रेफर किये जाने की मिल रही शिकायतों पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुये इसमें सुधार करने लाने के निर्देश दिये तथा शिकायत की पुनरावृत्ति होने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। निरीक्षण के दौरान ड्यूटी से अनुपस्थित पाये गये फार्मासिस्ट अजय सिंह परिहार, लैब टेक्नीशियन श्रीमती नीलिमा विक्टर एवं आयुष अधिकारी डॉ अर्चना शुक्ला का एक-एक दिन का वेतन काटने की कार्यवाही के निर्देश भी श्री रोहाणी ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिये।

## व्यापार समाचार

# बड़े शेयरों से कन्नी काट रहे निवेशक, तो अब कहां लगा रहे हैं पैसा ?

मुंबई (आरएनएस) ।साल 2024 खत्म हो रहा है और कुछ ही दिन बाद नया साल यानी 2025 शुरू हो जाएगा। शेयर मार्केट के लिहाज से देखें तो यह साल कुछ अच्छा नहीं रहा है। भू-राजनीतिक तनाव, हाई फेड रेट और उच्च वैल्यूएशन जैसे कई ऐसे फैक्टर्स हैं, जिनके चलते इस साल मार्केट सिर्फ 10त्न के आसपास ही रिटर्न दे पा रहा है। हालांकि, इस साल स्मॉल और मिडकैप्स स्टॉक्स मार्केट में छाए रहे। लेकिन क्या साल 2025 में भी इनका जलवा कायम रहेगा? आइए जानते हैं।

### बड़े बदलाव से गुजर रहा मार्केट

भारतीय शेयर बाजार एक बड़े बदलाव के दौर से गुजर रहा है। पहले निवेशक बड़ी कंपनियों के शेयरों में पैसा लगाना पसंद करते थे। अब मिड और स्मॉल कैप सेगमेंट को निवेशक ज्यादा पसंद करने लगे हैं। यही कारण है कि निफ्टी-50 और टॉप कंपनियों में निवेश लगातार गिरता दिखाई दे रहा है। उदाहरण के लिए, FPI के पास 4 साल पहले 1200 शेयरों की होल्डिंग थी, जो अब 1800 शेयरों से ज्यादा की हो गई है। इसी तरह घरेलू म्यूचुअल फंड्स भी अपने पोर्टफोलियो में रिकॉर्ड संख्या में छोटी कंपनियों के शेयर शामिल कर रहे हैं। इसके पीछे वजह है छोटी कंपनियों की आकर्षक वैल्यूएशन और ग्रोथ की बढ़ती संभावनाएं। ऐसे में लॉन्ग टर्म ग्रोथ की तलाश करने वाले निवेशकों के लिए ये शेयर बढ़िया ऑप्शन साबित हो रहे हैं।यह इंडेक्स मार्केट कंसनट्रेशन को बताती है। सरल शब्दों में अगर एचएनआई कम हो, तो इसका अर्थ है कि



पोर्टफोलियो में शेयरों की अधिक संख्या के साथ लोअर कंसनट्रेशन है। आइए जानते हैं कि यह इंडेक्स इस समय क्या ट्रेंड बता रही है। इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स : सितंबर तिमाही में एनएसई लिस्टेड कंपनियों में इंस्टीट्यूशनन पोर्टफोलियोज के लिए एचएनआई गिरकर 175 पर आ गई है। यह साल 2001 के बाद से सबसे कम है। घरेलू म्यूचुअल फंड्स : यहां एचएनआई सितंबर तिमाही में 137 पर था, जो 25 तिमाही का निम्न स्तर है।विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक : एफपीआई का एचएनआई सितंबर तिमाही में 217 पर था। यह साल 2001 के बाद से सबसे कम है। विभिन्न इन्वेस्टर्स ग्रुप्स में एचएनआई में आ रही यह गिरावट मिड और स्मॉल कैप स्टॉक्स की तरफ एक रणनीतिक बदलाव का इशारा करती है, क्योंकि निवेशक मार्केट में ऑल टाइम हाई वैल्यूएशंस के बीच ग्रोथ की तलाश कर रहे हैं।

### बढ़ रही है एफपीआई होल्डिंग्स

दिसंबर 2020 से सितंबर 2024 तक एफपीआई ने भारत में अपने निवेश दायरे का काफी विस्तार किया है। इन्होंने अपनी होल्डिंग्स को 1,200 कंपनियों से बढ़ाकर 1,800 से अधिक कंपनियों तक कर दिया है। इस बीच उन कंपनियों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है, जिनमें एफपीआई की 5त्न से अधिक हिस्सेदारी है। घरेलू म्यूचुअल फंड्स भी विभिन्न मार्केट कैप्स की कंपनियों में अपने निवेश को लगातार बढ़ा रहे हैं।

### क्यों बदल रहा ट्रेंड?

इस नए ट्रेंड के पीछे वजह स्मॉलकैप्स और मिडकैप्स का बेहतर अर्निंग्स ग्रोथ और आकर्षक वैल्यूएशन ऑफर करना है। हालांकि, मिड और स्मॉलकैप्स के वैल्यूएशंस अभी भी बढ़े हुए हैं। लेकिन वे उम्मीद से अधिक अर्निंग्स ग्रोथ और मजबूत ROE से इसकी भरपाई कर देते हैं।

## नए घरों के डेवलपमेंट में टियर 2 और 3 शहरों की हिस्सेदारी बढ़कर 40 प्रतिशत होने का अनुमान : रिपोर्ट

नई दिल्ली (आरएनएस) । जयपुर, इंदौर और कोच्चि जैसे टियर 2 और 3 शहरों की हिस्सेदारी नए घरों के डेवलपमेंट में बढ़कर 2025 तक 40 प्रतिशत से अधिक हो जाएगी। यह जानकारी मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई। जेएलएल इंडिया की रिपोर्ट में बताया गया कि टियर 2 और 3 शहरों में तेज वृद्धि के कारण रियल एस्टेट सेक्टर का जीडीपी में योगदान बढ़कर 13 प्रतिशत होने का अनुमान है।रिपोर्ट के अनुसार, शहरी गृह स्वामित्व दर 2025 तक 72 प्रतिशत तक बढ़ जाएगी, जो 2020 में 65 प्रतिशत थी। इसकी वजह किफायती फाइनेंस विकल्पों का उपलब्ध होना और युवाओं द्वारा नए घर खरीदना है।अनुमान के मुताबिक, 2030 तक नया घर खरीदने वालों में मिलेनियल्स और जेन जेड की हिस्सेदारी 60 प्रतिशत होगी।जेएलएल इंडिया में सीनियर डायरेक्टर और रेजिडेंशियल सर्विसेज और डेवलपर इनिशिएटिव (उत्तर और पश्चिम) के प्रमुख, रितेश मेहता ने कहा कि सस्टेनेबिलिटी, जिसे पहले एक लग्जरी समझा जाता था। आज एक जरूरत बन गई है। हमें उम्मीद है कि 2025 में ग्रीन सर्टिफाइड बिल्डिंग की हिस्सेदारी नए रेजिडेंशियल प्रोजेक्ट्स में 30 प्रतिशत होंगी। यह आंकड़ा 2020 में 15 प्रतिशत था। एलईईडी (लीडरशीप इन एनर्जी एंड एनवायरमेंट डिजाइन) जैसे ग्रीन बिल्डिंग सर्टिफिकेशन अधिक आम होते जा रहे हैं क्योंकि रियल एस्टेट उद्योग सस्टेनेबिलिटी को प्राथमिकता दे रहा है।

## रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर जुलाई के उच्च स्तर से 23 प्रतिशत फिसला

मुंबई (आरएनएस) । बाजार पूंजीकरण के हिसाब से देश की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) का शेयर जुलाई में अपने उच्चतम स्तर से 23 प्रतिशत फिसल चुका है।

अगर शेयर 2024 के बाकी बचे पांच कारोबारी सत्रों में 5 प्रतिशत बढ़ने में असफल रहा, तो कोविड-19 महामारी के बाद यह पहला मौका होगा, जब आरआईएल के शेयर में मासिक आधार पर इतने लंबे समय तक गिरावट रही है। साथ ही पिछले 10 वर्षों में यह पहला मौका होगा, जब यह नकारात्मक रिटर्न देगा।

आरआईएल के शेयर में लगातार हो रही गिरावट के कारण, इससे देश की सबसे बड़ी निजी कंपनी होने का खिताब छिनने का खतरा मंडरा रहा है।

स्टॉक एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, आरआईएल का मार्केट कैप जुलाई के अपने उच्चतम स्तर 21.50 लाख करोड़ रुपये से करीब 5 लाख करोड़ रुपये घटकर 16.50 लाख करोड़ रुपये रह गया।

वहीं, टाटा समूह के स्वामित्व वाली भारत की सबसे बड़ी आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और बाजार पूंजीकरण के हिसाब से देश का सबसे बड़ा बैंक एचडीएफसी बैंक, आरआईएल को शीर्ष स्थान से हटाने के लिए तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। टीसीएस का मार्केट कैप इस साल जनवरी में 13.72 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर करीब 15 लाख करोड़ रुपये हो गया है और यह आरआईएल को उसके शीर्ष स्थान से हटाने के सबसे करीब है।

# अडानी ने खरीदी एयर वर्क्स इंडिया में मैजोरिटी हिस्सेदारी, 400 करोड़ में हुई डील



### -कंपनी देश की दिग्गज एयरलाइंस कंपनियों को देती हैं सेवाएं

नई दिल्ली,(ए.)। बीते कुछ महीनों में भारत के उद्योगपति गौतम अडानी अमेरिकी के लगाए गए आरोपों के चलते विवादों में रहे, लेकिन इस बीच उनका फोकस पूरी तरह कारोबार के विस्तार पर था। अब साल के आखिर में अडानी ग्रुप ने एक बड़ी डील की है। इसके तहत अडानी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने एयर वर्क्स इंडिया में मैजोरिटी हिस्सेदारी खरीदी है।

गौतम अडानी ने जिस एयर वर्क्स कंपनी की अधिग्रहण किया है, वह भारत की प्रमुख प्राइवेट एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस कंपनी है। यह अधिग्रहण अडानी डिफेंस सिस्टम एंड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने किया है और इसके साथ ही कंपनी की एंट्री विमान मैंटिनेंस, रखरखाव और ओवरहाल इंडस्ट्री में हो गई है। अडानी ग्रुप के मुताबिक ये पूरी डील 400 करोड़ में हुई है। इस 400 करोड़ रुपए की डील के जरिए अडानी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने एयर वर्क्स में 85.8 फीसदी हिस्सेदारी खरीदी है और एग्रीमेंट साइन किए हैं। इस संबंध में अडानी ग्रुप की ओर से एक बयान जारी किया गया है जिसमें कहा है कि एडीएसटीएल ने देश की सबसे बड़ी प्राइवेट एमआरओ कंपनी एयर वर्क्स में मैजोरिटी हिस्सेदारी हासिल करने के लिए डील की है।

एयर वर्क्स इंडिया की स्थापना साल 1951 में की गई थी और ये देश की दिग्गज एयरलाइंस कंपनियों को सेवाएं देती है। इसकी कस्टमर लिस्ट में इंडिगो और विस्तारा जैसे नाम शामिल हैं। इसके अलावा लुफ्थांसा, टर्किश एयरलाइंस समेत एतिहाद जैसी इंटरनेशनल एयरलाइंस भी इससे सर्विसेज लेती हैं। इसके साथ ही एयर वर्क्स इंडियन नेवी और एयरफोर्स के विमानों की भी देखरेख करती है। कभी दुनिया के टॉप-3 अमीरों में शामिल गौतम अडानी की 10 कंपनियां शेयर बाजार में लिस्टेड हैं और उनका कारोबार घर की रसोई से लेकर एयरपोर्ट्स तक फैला हुआ है। अडानी की नेटवर्थ ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स के मुताबिक, 75 अरब डॉलर है और इस आंकड़े के साथ दुनिया के टॉप अरबपतियों की लिस्ट में वे 19वें पायदान पर हैं।

## ईयर एंडर 2024 : म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री के लिए ऐतिहासिक रहा यह साल, एयूएम 17 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

नई दिल्ली (आरएनएस) । भारतीय म्यूचुअल फंड (एमएफ) इंडस्ट्री के लिए 2024 एक ऐतिहासिक वर्ष रहा। इस दौरान सभी एमएफ स्कीमों के एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) में 17 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की बढ़त हुई है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के डेटा के अनुसार, म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री का एयूएम नवंबर के अंत में 68 लाख करोड़ रुपये था, जो कि दिसंबर 2023 के आंकड़े 50.78 लाख करोड़ रुपये से 17.22 लाख करोड़ रुपये या 33 प्रतिशत अधिक है।बीते चार वर्षों में म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री की एयूएम में करीब 37 लाख करोड़ रुपये का इजाफा हुआ है।2023 में एयूएम 11 लाख करोड़ रुपये, 2022 में 2.65 लाख करोड़ रुपये और 2021 में करीब 7 लाख करोड़ रुपये बढ़ा था।म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री का एयूएम दिसंबर 2023 में 50.78 लाख करोड़ रुपये, दिसंबर 2022 में 40 लाख करोड़ रुपये, दिसंबर 2021 में 37.72 लाख करोड़ रुपये और दिसंबर 2020 में 31 लाख करोड़ रुपये था। इसके अलावा नवंबर 2024 के अंत में फोलियो की संख्या 22.02 करोड़ थी, जो कि जनवरी में 16.89 करोड़ थी। यह फोलियो की संख्या में 5.13 करोड़ की वृद्धि को दर्शाता है। इसमें दिसंबर 2024 के आंकड़ों को नहीं जोड़ा गया है, क्योंकि वे जनवरी 2025 के पहले हफ्ते में जारी किए जाएंगे। एम्फी के डेटा के मुताबिक, 2024 में करीब 174 ओपन-एंडेड स्कीम जुड़ी थी।

## कृष्णा श्रॉफ ने अपनी उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए प्रतिष्ठित एंटरप्रेन्योर ऑफ द ईयर पुरस्कार जीता

मुंबई (आरएनएस) ।बेहतरीन फिटनेस आइकन और एंटरप्रेन्योर कृष्णा श्रॉफ को हाल ही में एक प्रतिष्ठित समारोह में एंटरप्रेन्योर ऑफ द ईयर के पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इस शानदार शाम की शोभा को बढ़ाते हुए, यह पुरस्कार भारत की पूर्व शिक्षा मंत्री स्मृति ईरानी द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिन्होंने कृष्णा की उल्लेखनीय यात्रा और अथक प्रयासों की प्रशंसा की।

स्मृति ईरानी ने साझा किया कि ऐसी कई भारतीय महिलाएं हैं जिन्हें फिटनेस, खेल और व्यवसाय जैसे क्षेत्रों में व्यापक रूप से अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आज जो महिलाएं पुरस्कार जीत रही हैं, जैसे कृष्णा और अन्य, उन्होंने न केवल उन्हें प्रेरित किया बल्कि दूसरों को भी उदाहरण प्रस्तुत करके सशक्त किया। यह दिल से किया गया सम्मान कृष्णा की प्रेरणादायक करियर का एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बन गया।

एमएमए मैट्रिक्स जिम के सह-संस्थापक के रूप में, कृष्णा भारत में फिटनेस के क्षेत्र में क्रांति ला रही हैं। उनके नेतृत्व में, ब्रांड ने प्रमुख शहरों में जिम फ्रेंचाइजी की बढ़ती श्रृंखला में तेजी से विस्तार किया है।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## 2047 तक विकसित भारत की दृष्टि साकार हो सके

कम-से-कम 1990 के बाद से रिजर्व बैंक की कमान पेशेवर गवर्नरों के हाथ में रही। कई बार सरकारों ने तब भी उसके दायरे में घुसपैठ की, फिर भी मोटे तौर पर रिजर्व बैंक अपनी स्वायत्तता जताने में सफल रहता था। अब ये कहानी बदल गई है।

संजय मल्होत्रा लगातार दूसरे नौकरशाह हैं, जिन्हें भारतीय रिजर्व बैंक का गवर्नर बनाया गया है। उनकी नियुक्ति के एलान के संकेत मिल गया था कि केंद्र सरकार भविष्य में आरबीआई से कैसी भूमिका की अपेक्षा रखती है।

मल्होत्रा ने इस प्रतिष्ठित संस्था का कमान संभालने के तुरंत बाद जो कहा, उससे यह भी जाहिर हो गया है नए गवर्नर किस रूप में अपनी भूमिका देखते हैं।

मल्होत्रा ने कहा- अब जबकि हम अमृत काल में प्रवेश कर रहे हैं, हमारी अर्थव्यवस्था जिस हाल में है, उसे और विसित होने की जरूरत है, ताकि 2047 तक विकसित भारत की दृष्टि साकार हो सके।' लाजिमी है कि ऐसे वक्तव्य आर्थिक से ज्यादा राजनीतिक रंग लिए दिखें।

सेंट्रल बैंकों (जिसे भारत में रिजर्व बैंक कहा जाता है) की क्या भूमिका होना चाहिए, इस पर सोच अक्सर टकराती रही है।

मजबूत सरकारें अक्सर उसे अपने एक विभाग के रूप में काम करते देखना चाहती हैं, जबकि बाजार और अर्थव्यवस्था में हित रखने वाले अनेक दूसरे तबकों की अपेक्षा यह होती है कि ये संस्था पेशेवर नजरिए से काम करे। लोकतांत्रिक देशों में सरकारों की अपनी सियासी एवं चुनावी प्राथमिकताएं होती हैं, जो कई बार अर्थव्यवस्था की बड़ी जरूरतों के खिलाफ चली जाती हैं। उस समय सेंट्रल बैंकों से उम्मीद रहती है कि वे शासक दल की जरूरत के मुताबिक चलने के बजाय अर्थव्यवस्था के बुनियादी तकाजों को प्राथमिकता देंगे।कम-से-कम 1990 के बाद से भारत में रिजर्व बैंक की कमान पेशेवर गवर्नरों के हाथ में रही और उन्होंने अपेक्षाकृत स्वायत्त ढंग से फैसले लिए।कई मामलों में सरकारों ने तब भी इस दायरे में घुसपैठ की, फिर भी मोटे तौर पर रिजर्व बैंक अपनी स्वायत्तता जताने में सफल रहता था। इस कारण तब टकराव भी उभरते थे। मगर नरेंद्र मोदी सरकार के सत्ता में आने और शक्तिकांत दास के गवर्नर बनने के बाद से कहानी बदल गई है। इससे सरकार अपनी मौद्रिक एवं वित्तीय नीतियों को अपनी प्राथमिकताओं के अनुरूप लागू कर पाई है।अब नए गवर्नर ने जो संकेत दिए हैं, उससे शुरुआती धारणा तो यही बनी है कि यह चलन आगे भी जारी रहेगा।

# उस्ताद जाकिर हुसैन अपने प्रशंसकों को आह भरता छोड़ गए

**आलोक पराड़कर**

उस्ताद जाकिर हुसैन को भारतीय शास्त्रीय संगीत का सुपरस्टॉर कहना गलत न होगा। साधक तो वे तबला के थे, जिसे मुख्यत: संगत वाद्य ही माना गया है, लेकिन उनकी लोकप्रियता सब पर भारी थी।

वे भारतीय शास्त्रीय संगीत के संभवत: सर्वाधिक पारिश्रमिक लेने वाले कलाकार थे, उनके कार्यक्रमों के लिए आयोजकों को लंबा इंतजार करना होता था, उनका आकषर्ण ऐसा था कि फिल्मों और विज्ञापनों में भी उन्हें लिया जाता रहा। वे विश्व में भारत के सांस्कृतिक राजदूत भी थे और प्रख्यात सितार वादक पंडित रविशंकर के बाद वे ही थे जिन्होंने विभिन्न देशों में भारतीय संगीत को लोकप्रिय बनाया और एक बड़ा प्रशंसक वर्ग तैयार किया।

ग्रैमी' जैसे प्रतिष्ठित अवार्ड में भी उन्होंने भारतीयता का परचम लहराया, लेकिन लोकप्रियता के शिखर पर होने और अपनी तमाम व्यस्तताओं के बावजूद उनके काम में कहीं समझौता नहीं था। वास्तव में उनमें नाम और काम का संतुलन कुछ वैसा ही था जैसा उनके तबले में बाएं और दाएं का। उनकी उपस्थिति जहां समारोहों की सफलता का पर्याय थी, वहीं उनकी संगत से मुख्य कलाकार का कार्यक्रम भी निखर उठता था। लंबे समय की सफलता उनकी विनम्रता को बदल नहीं सकी थी। हंसमुख, हाजिर जवाब और हरदिल अजीज उस्ताद जाकिर हुसैन अपने व्यक्तित्व में भी कृतित्व जैसी खूबसूरती जीवनपर्यत कायम रख सके।

तबले को मुख्यत: संगत का वाद्य ही माना गया है, लेकिन उस्ताद जाकिर हुसैन उन कुछ तबला वादकों में थे जिन्होंने इसे एकल और मुख्य वाद्य के रूप में भी स्थापित किया। वे जब लोकप्रिय होने लगे तो पिता के साथ उनकी जुगलबंदी का चलन खूब था। पिता-पुत्र का तबला वादन खूब पसंद किया जाता था। उस्ताद जाकिर हुसैन के एकल वादन की खास बात यह भी होती कि उन्होंने अपने वादन को शास्त्रीय संगीत के मर्मज्ञों के योग्य ही नहीं बनाया बल्कि इसे आम लोगों के लिए भी रुचिकर बना दिया था। जिस



प्रकार प्रख्यात कथक नर्तक पंडित बिरजू महाराज अपनी तिहाइयों को दर्शकों को समझाने के लिए तरह-तरह की कथा-प्रसंगों का सहारा लेते थे, कभी चिड़ियों का उदाहरण देते तो कभी बच्चों के गेंद खेलने का, उस्ताद जाकिर हुसैन भी तबले पर कभी डमरू, कभी मंदिर की घंटी, कभी रेल तो कभी घोड़े की टाप का वादन करते हुए आम लोगों में भी अपनी गहरी पैठ बना लेते थे।

शास्त्र को लोकप्रिय मुहावरे में इस प्रकार ढाल लेने का कौशल उन्हें खूब आता था, लेकिन ऐसा नहीं था कि वे एकल वादन के ही उस्ताद थे। एकल वादन के साथ ही उनकी संगत की भी खूब मांग और धूम थी। वे जब संगत करते तो कार्यक्रमों का एक नया ही रंग बन जाता। पहले प्रख्यात सितार वादक पंडित रविशंकर के साथ और फिर प्रख्यात बांसुरी वादक पंडित हरिप्रसाद चौरसिया, प्रख्यात संतूर वादक पंडित शिवकुमार शर्मा, प्रख्यात कथक नर्तक पंडित बिरजू महाराज जैसे कलाकारों के साथ उन्होंने खूब कार्यक्रम किए। शिव-हरि के साथ उनकी संगत खूब फबती थी जिसके कई वीडियो आज भी यू-ट्यूब पर देखे जा सकते हैं। हालांकि उन्होंने हर प्रमुख कलाकार के साथ संगत की, शास्त्रीय संगीत से लेकर सुगम और फिल्म संगीत तक, वरिष्ठ एवं प्रख्यात कलाकार से लेकर युवा और उभरते कलाकारों तक, उन्होंने सबके साथ बजाया।

लोकप्रिय पार्श्व गायक हरिहरन के साथ गजलों के अलबम में उनकी उपस्थिति साफ नजर आती है। उस्ताद जाकिर हुसैन ने संगत को लेकर अपने दृष्टिकोण से जुड़ा एक बड़ा जरूरी किस्सा एक बार लखनऊ में बताया था। उन्होंने बताया था कि मैं 17 साल का था और पंडित रविशंकर जी के साथ यात्रा पर था। एक कार्यक्रम हुए, दूसरा कार्यक्रम हुआ, मैंने रविशंकर जी से पूछा कि कैसा हो रहा है? रविशंकर जी ने कहा कि तुम मेरे साथ तबला बजाते हो लेकिन मुझे देखते क्यों नहीं? उसके बाद शाम को जब कार्यक्रम हुआ तो उस्ताद जाकिर हुसैन पंडित रविशंकर की ओर थोड़ा और घूमकर बैठ गए। उस दिन संगत की एक नई किताब खुल गई। वह पंडित जी को देखकर बजाने लगे और उन्हें समझ में आने लगा कि संगत कैसे करनी है। वह कहते थे कि जब आपकी तालीम होती है तो आपकी एकल वादन की तालीम होती है। आप सीखी हुई चीजें बजा देंगे और आपकी प्रशंसा हो जाएगी, लेकिन जब तक संगत करना नहीं आएगा तब तक आप तबलिए नहीं बन सकते।

वह यह भी कहते थे कि सभी रंग का तबला आपके तबले में समाहित नहीं है तो आप एक अच्छे संगतकार नहीं बन सकते। सिर्फ दिल्ली का बजाकर, सिर्फ बनारस का बजाकर, सिर्फ पंजाब का बजाकर आप अच्छे संगतकार नहीं बन सकते। हालांकि उस्ताद जाकिर हुसैन कभी भी संगत में हावी होने की कोशिश नहीं करते थे, अपनी लोकप्रियता का दंभ नहीं दिखाते थे, वे मुख्य कलाकार की जरूरत और सोच के अनुसार ही तबला वादन करते थे लेकिन कई बार ऐसा भी होता था कि उनकी लोकप्रियता पूरे कार्यक्रम में हावी हो जाती थी। ऐसे में यह भी हुआ कि कई कलाकार उनकी लोकप्रियता से आक्रांत होने लगे, उनसे परहेज करने लगे। उस्ताद जाकिर हुसैन भारतीय संगीत के सांस्कृतिक राजदूत भी थे। ज्यादातर प्रसिद्ध कलाकार विदेश में कार्यक्रम करते हैं, कई-कई महीने वहां गुजारते हैं, लेकिन प्रख्यात सितार वादक पंडित रविशंकर के बाद उस्ताद जाकिर हुसैन ही थे जिन्हें विश्व के संगीतप्रेमियों ने सिर-आंखों पर बिठाया। वे लंबे समय से अमेरिका में ही रहते थे। विभिन्न देशों के संगीत के साथ उनके कार्यक्रम भी खूब होते थे।

इन सबके बावजूद वे भारत में भी लगातार सक्रिय रहते थे। अपने सुदर्शन व्यक्तित्व के कारण उन्हें फिल्मों में अभिनय करने का आमंतणमिला था। विज्ञापन में तो वे बहुत पहले ही आ चुके थे। उनके समकालीन मानते थे कि उनकी लोकप्रियता में बड़ा योगदान विज्ञापनों का भी रहा है, जिसके कारण वह घर-घर में पहचाने जाने लगे थे। वाह उस्ताद उनके नाम से जुड़ गया था, लेकिन अचानक वे अपने प्रशंसकों को आह भरता छोड़ गए।



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, पार्टी सांसद बांसुरी स्वराज और कमलजीत सहरावत नई दिल्ली में क्रिसमस मनाने के लिए सेक्रेड हार्ट कैथेड्रल चर्च गए।

# तोड़ मरोड़कर की राजनीति भाजपा ने सिखाया

हरिशंकर व्यास

कांग्रेस और दूसरी विपक्षी पार्टियां भाजपा से निपटने के लिए उसी के हथियार आजमा रही है। अब तक भाजपा इन्फॉर्मेशन, मिसइन्फॉर्मेशन और डिसइन्फॉर्मेशन कैंपेन के जरिए राहुल गांधी और दूसरे विपक्षी नेताओं का शिकार करती थी। याद करें कैसे आलू से सोना बनाने वाली बात का राहुल गांधी के खिलाफ इस्तेमाल हुआ। राहुल गांधी ने असल में कहा था कि मोदीजी आएंगे तो कहेंगे कि इधर से आलू डालो उधर से सोना निकलेगा'।

लेकिन इसका आधा हिस्सा काट दिया गया और प्रचारित किया गया कि राहुल गांधी आलू से सोना बनाने की बात कर रहे हैं। आजतक इसके लिए राहुल का मजाक बनाया जाता है। कई मंच से भाजपा के सर्वोच्च नेताओं ने इसका जिक्र किया, जबकि वे जानते थे कि यह गलत बात है। ऐसे ही याद करें कैसे अमित शाह ने भाजपा के कार्यकर्ताओं के बीच अखिलेश यादव के अपने पिता को थप्पड़ मारने की बात के झूठे प्रचार के बारे में बताया था।

सबसे ताजा मामला यह है कि पिछले दिनों अमेरिका यात्रा के दौरान राहुल गांधी से जब पूछा गया कि भारत में आरक्षण कब खत्म होगा तो उन्होंने कहा था कि भारत में जब असमानता खत्म हो जाएगी और आरक्षण की जरुरत नहीं रह जाएगी तब आरक्षण खत्म हो जाएगा। इतनी समझदारी भरी बात का भाजपा ने बड़ा राजनीतिक मुद्दा बना दिया। भाजपा ने राहुल गांधी को आरक्षण विरोधी होने की बात पर चुनाव में प्रचार किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद राहुल गांधी को इस बयान के आधार पर आरक्षण विरोधी ठहराया। कांग्रेस के नेता सफाई देते रहे और दावा करते रहे कि राहुल के बयान को तोड़ मरोड़कर पेश किया जा रहा है, लेकिन भाजपा ने अपने प्रचार तंत्र के दम पर बाजी मार ली। लेकिन अब कांग्रेस और दूसरी विपक्षी पार्टियों ने भाजपा को उसी की दवा का स्वाद चखा दिया है।

यह संभवत: पहली बार हो रहा है कि भाजपा के नंबर दो नेता अमित शाह को कहना पड़ रहा है कि उनके बयान को तोड़ मरोड़कर पेश किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उनके भाषण के 10-12 सेकेंड का अंश काट कर उसे गलत तरीके से पेश किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनकी सफाई में छह छह ट्विट करने पड़े। भाजपा का पूरा प्रचार तंत्र यह साबित करने में लगा है कि अमित शाह ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के बारे में कोई अपशब्द नहीं कहा है या कोई अपमानजनक बात नहीं कही है।

यह सही भी है कि अमित शाह ने अंबेडकर के लिए कुछ भी अपमानजनक नहीं कहा है फिर भी वह घिरी है। यह गलत नैरेटिव बनाने का मामला है। लेकिन क्या भाजपा स्वीकार करेगी कि उसने आलू से सोना बनाने की बात का जो अभियान राहुल गांधी के खिलाफ चलाया या उनके बयान का गलत अर्थ निकाल कर उनको आरक्षण विरोधी बताने का जो प्रचार लोगों के बीच किया गया वह गलत है? जाहिर है भाजपा इसे स्वीकार नहीं करेगी। अभी वह घिरी है तो कांग्रेस पर मिसइन्फॉर्मेशन फैलाने के आरोप लगा रही है लेकिन हकीकत यह है कि इसकी शुरुआत तो भाजपा ने ही की। बातों को तोड़ मरोड़कर कैसे उसका राजनीति इस्तेमाल किया जाता है यह भाजपा ने बाकी सभी पार्टियों को सिखाया है। आज उसी की सीख उस पर भारी पड़ गई है।




मेष राशि : आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपको नई जानकारी मिलेगी, यह जानकारी भविष्य के लिये फायदेमंद साबित होगी। आज आलस्य व सुस्ती छोड़कर काम में मन लगाने की जरूरत है, आज आप मार्केट से अपना मनपसंद सामान खरीदेंगे। बिजनेस बढ़ाने की योजनाओं पर अमल करने के लिए आज का दिन अच्छा है।

वृष राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज प्रैक्टिकल सोच रखेंगे तो आपके संतुलित रवैया से फायदा मिलेगा, लोगो का व्यवहार आपके प्रति अच्छा रहेगा। आज थोड़ा समय एकांत में या किसी धार्मिक स्थान पर बीताएंगे। इस राशि की महिलाएं अपने बिजनेस में एक्टिव रहेंगी, आपको ज्यादा धनलाभ भी होगा। घर में सुखद और अच्छा माहौल रहेगा, शाम का समय परिवार के साथ बिताएंगे।

मिथुन राशि : आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपके तय किए काम समय से पूरे होते हुए नजर आ रहे हैं साथ ही कुछ काम वक्त से पहले पूरे करने की वजह से खुद पर गर्व करेंगे। इस राशि के स्टूडेंट आज अपनी पढ़ाई को लेकर उत्साहित रहेंगे और ज्यादा समय पढ़ाई में व्यतीत करेंगे। आज आपके व्यापार की गति बढ़ेगी, जिससे अच्छा धन लाभ होगा। लवमेट के साथ चल रही अनबन आज समाप्त हो जाएगी, साथ में डिनर करने जायेंगे। आज आप वाहन लेने का मन बनायेंगे।

कर्क राशि : आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। कुछ लोग रुकावटें भी पैदा करेंगे। अफवाहों पर ध्यान न देकर अपने कामों पर फोकस करें। निश्चित तौर पर आपको सफलता मिलेगी। आज बिजनेस में बहुत संजीदगी और गंभीरता से काम करने की जरूरत है। बिजनेस बढ़ाने की योजनाओं पर एक बार फिर से विचार करें। छोटा-बड़ा फैसला लेते वक्त किसी एक्सपर्ट की सलाह से आपको मुनाफा होगा।

सिंह राशि : आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज पुरानी गलती दोबारा न हो, इस बात का ध्यान रखना आपके लिए आवश्यक होगा। आपका जीवन प्रगति की ओर बढ़ रहा है, नई जिम्मेदारियों के लिए आप खुद को तैयार करेंगे। आज अपनी कार्यक्षमता के अनुसार आपको कुछ बड़े अवसर भी मिल सकते हैं। जिस प्रकार से क्षमता बढ़ेगी, उस प्रकार से बड़े अवसर भी मिलेंगे।

कन्या राशि : आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आप संतान के करियर की समस्याओं को किसी अनुभवी और जानकार की मदद से सुलझा लेंगे। थोड़ी विपरीत परिस्थितियां बनेंगी, लेकिन जल्द ही सब ठीक हो जायेगा। आज लम्बी यात्रा का प्रोग्राम बन सकता है।

तुला राशि : आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। काम को पूरा करने में आ रही अड़चन आज समाप्त होंगी। इस राशि की महिलाएं जो घर पर ही बिजनेस करने की सोच रही है उनके लिए आज का दिन अच्छा है। सिंगर्स का गाना लोगों को काफी पसंद आएगा। किसी भी काम को करने में जल्दबाजी न करें, अन्यथा वह काम दोबारा करना पड़ सकता है।

वृश्चिक राशि: आज आपका दिन अच्छा गुजरने वाला है। इस राशि के स्टूडेंट किसी टॉपिक में उलझ सकते हैं, बेहतरी के लिए आप किसी से हेल्प ले सकते हैं। आज आपके मन में शुभ विचारों का उदय होगा। राजनीति से जुड़ेलोगों के लिए दिन अच्छा है समाज हित में किये गये कामों की तारीफ हो सकती है। आज आपको उच्चाधिकारी के सामने बात रखने पर पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिलेगा।

धनु राशि: आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। राजनीति से जुड़े लोगों को आज निर्णय लेने से पहले उसपर गहन विचार कर लेना चाहिए। किसी पुरानी बात को लेकर आप थोडा चिंतित हो सकते हैं। अपने जीवनसाथी को किसी मामूली बात पर डांटने की बजाय विनम्रता से समझाएं जिससे समझ बढ़ेगी। इस राशि के अविवाहितों के चल रही रिश्ते की बात जल्द पक्की हो जाएगी।

मकर राशि : आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज आप नया हुनर सीखेंगे। परिवार में किसी सदस्य से आपको अच्छी सलाह मिलेगी। आज आपके घर मेहमान आ सकते हैं, घर में खुशनुमा माहौल बना रहेगा। किसानों के लिए दिन बढ़िया रहेगा। कृषि कार्यों में प्रगति होगी आज अगर नया काम शुरू करना चाहते हैं तो आपको सफलता जरूर मिलेगी। प्रतियोगी क्षेत्र में आपको आगे बढ़ने का मौका मिलेगा।

कुंभ राशि: आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। लंबे समय से सोचा हुआ काम आज पूरा हो जाएगा जिसके प्रभाव से आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आएगा। माता के साथ धार्मिक कार्यों में मन लगाने से शांति मिलेगी।शाम का समय परिवार वालों के साथ अच्छा बीतेगा। दांपत्य जीवन में आपसी ताल मेल बना रहेगा।

मीन राशि: आज आपका कॉन्फिडेंस बढ़ा रहेगा। इस राशि के बिजली विभाग के कर्मचारियों का दिन अच्छा रहेगा। जॉब की तलाश कर लोगों को अच्छी जॉब मिलने के योग हैं। आज आप दूसरों की जरूरतों और भावनाओं को लेकर सेंसिटिव हो सकते हैं। काम में मन लगेगा आपको परिवार से सहयोग मिलता रहेगा। इस राशि के लोगों का बिजनेस काफी तरक्की करेगा, साथ ही अधिक लाभ भी होगा।

# एस.एन.मिश्रा का क्यों नहीं छुटता परिवहन विभाग से मोह?

अनिल पुरोहित

इस समय मध्य प्रदेश में परिवहन विभाग की प्रतिमाह होने वाली अवैध कमाई को लेकर बडी चर्चा चल रही है परिवहन विभाग की प्रदेश में स्थापित 48 परिवहन से चौकियों से गुजरने वाले वाहन चालकों से प्रतिमाह होने वाली अवैध वसूली की काली कमाई से कुबेरों की काली कमाई को लेकर चर्चाएं खूब चर्चित है इनको लेकर रोज रोज नए नए खुलासे हो रहे हैं,लेकिन इस बात को लेकर कन्ही पर कोई चर्चा नहीं है कि यह वही एस.एन. मिश्रा है जो नगर निगम में रहते हुए एक ठेकेदार से डेट करोड़ की राशि लेते धराए थे उस समय वह मामला अपने साथी पर डालकर अपने को बचा लिया था अवैध कमाई के लिए हमेशा सुर्खियों रहने वाले श्री मिश्रा इस परिवहन विभाग में वर्षों से कभी यहां वहां भटक कर जमे हुए हैं। प्रदेश के भजकलदारम की संस्कृति के लिए चर्चाओं में रहने वाले आईएएस अपने एक साथी आईएएस अधिकारी के साथ वर्षों पूर्व काफी चर्चाओं रहे थे और जो आईएएस इनके साथ चर्चा में रहे थे उनको उच्च न्यायालय की शरण में जाने के बाद राहत मिली थी वही एस.एन. मिश्रा आज भी वर्षों से परिवहन विभाग में किसके संरक्षण में जमे हुए हैं।

जिनको लेकर विभाग में तरह तरह की चर्चाएं चटखारे लेकर चल रही हैं! वैसे देश के आईएएस को लेकर हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन आईएएस के बारे भारत के सबसे बडे सदन में दो बार भाषण दे चुके है यही नही प्रधानमंत्री श्री मोदी ने तो लोकसभा में दिए अपने भाषणों में देश के इन आईएएसों को बाबुओं की फौज तक कहते हुए लोकसभा में कहा था कि हमने यह आईएएस( बाबुओं) की फौज को पाल रखा हैं यह बाबुओं की फौज कुछ भी कर लेती यह फौज हेलीकाप्टर चला लेती है,यह हवाई जहाज भी चला लेते हैं,अपने लोकसभा में दिए भाषण में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा था कि यह आईएएस (बाबुओं) फौज हमारे देश के फटलाईजर के कारखाने चला लेते हैं,यह (बाबुओं)की हमारी फौज हर काम कर लेती है, हमारे मध्यप्रदेश में यह आईएएस (बाबुओं) की फौज क्या क्या कारनामे कर रही है इसकी जानकारी बहुत कम लोगों को होगी यह बजह है कि हमारे मध्यप्रदेश में जहाँ प्रदेश के कुबेरों की काली कमाई को इस समय खूब चर्चाएं मंत्रालय से लेकर गली कुचों से लेकर प्रदेश ही नहीं,देशभर में सुर्खियों में हो एसी स्थिति में विभाग के उन कुबेरों की चर्चा तो खूब हो रही है जो इस अवैध कमाई बाले विभाग में चंद्र बर्षो से रह कर अपनी काली कमाई के झंडे गाडकर,मध्यप्रदेश में अवैध कमाई के मामले में इतिहास रचा, हालांकि इस तरह की अवैध के लिए मध्यप्रदेश ने पहली बार मुख्यमंत्री मोहन यादव के शासन काल में इतिहास नहीं बनाया इस तरह की काली कमाई के खुलासे के मामले में मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के शासन काल में अवैध वसूली की काली कमाई का खुलासा उस समय भी हुआ था जब दतिया जिले की जिलाध्यक्ष एवं उसी जिले की प्रभारी सचिव की गाडी के पहिले शिवपुरी जिले के सिकंदरा परिवहन चौकी पर जाकर अचानक थम गये थे उन दोनों आईएएस की गाडियों के पहिये आचनक थमने के बाद सिकंदरा परिवहन चौकी पर जिस तरह की अफरा तफरी का माहौल उस समय लोगों ने देखा वह आज भी उस माहौल को याद करते हैं वहां उपस्थित लोगों ने देखा कि उस समय उन तत्कालीन आईएएसों की गाड़ी के पहिये आचनक थमने के बाद सिकंदरा परिवहन चौकी पर रखे गमलों एवं अखबार की रद्दिओं ने किस तरह से नोट उगलना शुरू हुआ था,उसके बाद यह दुसरा अवसर है जो भाजपा की डंबल इंजन की उस सरकार में जिसकी पार्टी के प्रधानमंत्री श्री मोदी जब से इस देश की सत्ता की कमान संभाली तब से लेकर आज शायद ऐसा कोई अवसर जब उन्होंने इस देश की जनता को भ्रष्टाचार के खिलाफ भाषण नहीं दिया हो,मगर देश मे भ्रष्टाचार क्या हालत है कह नही सकते मगर इस हमारे मध्यप्रदेश का तो यह इतिहास रहा है कि भाजपा की सत्ता की कमान समांतर ही इस प्रदेश के मुख्यमंत्री की धर्म पत्नी ने अपनी पहचान तुम कर डंपर खरीदने का इतिहास वनाया था,इसके बाद जब देश में नोटबंदी का मामला हुआ था,उसके बाद श्री मोदी सरकार ने पुराने नोट बंद करने के बाद देश में नए नोट चला ए थे तो उसके बाद जो रिश्वतखोरी का शायद देश में पहला मामला सामने आया था वह मध्यप्रदेश से ही था,आज जब हमारे मध्यप्रदेश में भाजपा की डबल इंजन की सरकार अपने एक वर्ष से कुछ दिन पूरे कर नये वर्ष से अपनी लोकप्रिय एवं जनप्रिय सरकार के दुसरे में प्रवेश करने जारही हे उस सरकार के कार्यकाल का लोकायुक्त एवं जांच एजेन्सियां की छापेमारी का इतिहास उठाकर देखलो तो शायद ऐसा कोई दिन निकला हो जिसमें प्रदेश भर में कोई पटवारी,आरई या तहसीलदार व अन्य अधिकारी को रिश्वतखोरी में नहीं दबोचा हो इन पकडे गए एक वर्ष में श्री मोहन यादव की सरकार में भ्रस्टाचार का इतिहास लिखने बालो ने एक वर्ष में रिश्वतखोरी से करीब एक करोड़ से अधिक रिश्वतखोरी करने का इतिहास रचा जो सरकारी अधिकारियों ने नहीं बल्कि जिस महाकाल के नगर से हमारे मुख्यमंत्री जी आते हैं उस महाकाल की नगरी में भी भ्रष्टाचार के नए नए इतिहास रचने में कोई कसर नही छोडी है,यही भ्रष्टाचार के इतिहास बनाने में परिवहन विभाग में वर्षों से एस.एन. मिश्रा अपनी भजकलदारम वाली नीति के बाद भी पाक साफ बने हुए वर्षों से धूनी रमाए बैठे हुए हैं जिसको लेकर तरह तरह चर्चाएं परिवहन विभाग से लेकर परिवहन विभाग से जुड़े लोगों में चटखारे लेकर चल रही हैं? इन परिस्थितियों के बावजूद हमारे लोकप्रिय मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव जी के शासन में भाजपा और उसकी सरकार में उठा पटक चल रही है उसे देखने समझने वाले राजनीति के जानकार यह मानकर चल रहे हैं भाजपाई ही आपस में झगड़ा कांग्रेस को ही मुद्दे दे रहे हैं?

# ईडी-सीबीआई की मीटिंग हो गई, आतिशी को गिरफ्तार करने का बनाया गया प्लान- केजरीवाल

नई दिल्ली (आरएनएस)। आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल के मुताबिक मुख्यमंत्री आतिशी को गिरफ्तारी किया जा सकता है। केजरीवाल को ये भी आशंका है कि आप के कई वरिष्ठ नेताओं पर रेड डाली जा सकती है।

अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर कहा, महिला सम्मान योजना और संजीवनी योजना से ये लोग बुरी तरह से बौखला गए हैं। अगले कुछ दिनों में फर्जी केस बनाकर आतिशी जी को गिरफ्तार करने का इन्होंने प्लान बनाया है। उसके पहले आप के सीनियर नेताओं पर रेड की जाएगी।

आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा, मुझे कुछ दिन पहले ही अपने सूत्रों पता चला है कि ED, IT और CBI की मीटिंग हुई है, उस बैठक में ऊपर




से आदेश आए हैं कि कुछ भी फर्जी केस लगाकर दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी को गिरफ्तार किया जाए। ये मैं पूरी जिम्मेदारी के साथ बहुत बड़ा आरोप लगा रहा हूं कि इन एजेंसियों को ऊपर से कहा गया है कि दिल्ली की मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया जाए... उन्हें ये भी कहा गया है गिरफ्तारी से पहले आप के सभी बड़े नेताओं पर रेड होगी।

दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा, दिल्ली में महिलाओं की फ्री बस यात्रा को रोकने के लिए एक फर्जी केस मेरे ऊपर करने का प्रयास किया जा रहा है। हमने आज तक ईमानदारी से काम किया है और ईमानदारी से काम करेंगे। इसलिए मुझे पूरा भरोसा है कि अगर इनकी एजेंसियां मुझे झूठे केस में गिरफ्तार करती है तो अंत में जीत सच्चाई की होगी। मुझे न्याय व्यवस्था और संविधान पर भरोसा है कि झूठे केस के बाद भी हमें बेल मिलगी...दिल्ली की जनता सब देख रही है, दिल्ली की जनता भाजपा को जवाब देगी।इससे पहले आम आदमी पार्टी ने महिला सम्मान योजना और संजीवनी योजना का रजिस्ट्रेशन करवाने की अपील की थी। इस पर महिला एवं बाल विकास विभाग (डब्ल्यूसीडी) और स्वास्थ्य विभाग ने बयान जारी कर यह बताया कि दिल्ली प्रदेश में ऐसी कोई योजना नहीं है।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ लखनऊ में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा के अनावरण के दौरान। साथ में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक भी मौजूद।

## कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग का छात्र बना साइबर अपराधी, गिरफ्तार

मोतिहारी(आरएनएस)। बिहार में इन दिनों साइबर अपराध की घटनाओं में वृद्धि देखी जा रही है। पुलिस हालांकि साइबर अपराध की घटनाओं पर अंकुश लगाने को लेकर लगातार प्रयास में जुटी है। इस बीच, बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के छतौनी थाना क्षेत्र से कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के एक छात्र को साइबर फ्रॉड के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।पुलिस के मुताबिक, गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने ऑनलाइन फ्रॉड करने के आरोप में छतौनी थाना के बरियारपुर से हर्ष कुमार को गिरफ्तार किया गया है। यह पश्चिमी चंपारण जिले के मझौलिया का रहने वाला है और यहां आकर रह रहा था।पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को बताया गिरफ्तार युवक कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग का छात्र है, जो कई माध्यम से फ्रॉड करता था। बताया गया कि यह मुख्य तौर पर कस्टम में पकड़े गए सामान को टेलीग्राम में फर्जी विज्ञापन बनाकर और प्रीपेड ऑर्डर का झांसा देकर पैसे की ठगी करता था। जब कुछ समय बीत जाता तब लोग ऑर्डर डिलीवरी के बारे में पूछते तो पेमेंट फेल होने या जीएसटी के नाम पर और पैसे की मांग करता।गिरफ्तार युवक पर इसके टेलीग्राम पर पायरेटेड मूवी डाउनलोड करने का ग्रुप बनाने और इसके माध्यम से ही ट्रोजन वायरस लगा हुआ एपीके भेजने और लोगों का मोबाइल हैक करके फ्रॉड करने का भी आरोप है। फंसने से बचने के लिए फ्रॉड के पैसे दुकानों और अन्य व्यवसायियों के स्कैनर पर मंगाता था। इसी क्रम में शिकायत दर्ज होने पर उक्त व्यवसायियों का खाता भी फ्रीज हो जाता था।मोतिहारी के पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने बताया कि गिरफ्तार छात्र के पास से एक रियलमी का एंड्रॉयड मोबाइल बरामद हुआ है जिसमें अभियुक्त द्वारा बनाए गए टेलीग्राम के सभी ग्रुप हैं। दूसरा बरामद वीवो का मोबाइल ट्रोजन वायरस युक्त पाया गया है।

## अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर हरियाणा में मनाया गया सुशासन दिवस

चंडीगढ़ (आरएनएस)। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर पूरे देश के साथ-साथ हरियाणा में भी सुशासन दिवस मनाया जा रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी को उनकी दूरदर्शिता, कुशल नेतृत्व और जनसेवा के प्रति समर्पण के लिए याद किया जाता है। इस दिन को खास बनाने के लिए हरियाणा के विभिन्न जिलों में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। सुशासन दिवस राज्य स्तरीय कार्यक्रम गुरुग्राम विश्वविद्यालय में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सैनी ने स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि दी और उनके द्वारा स्थापित उच्च आदर्शों को याद किया। उन्होंने कहा कि अटल जी के नेतृत्व ने न केवल भारत को अंतरराष्ट्रीय मंच पर नई पहचान दिलाई, बल्कि उनके शासन में पारदर्शिता और जनता के प्रति जवाबदेही को एक नई दिशा मिली।

सुशासन दिवस हमें इन मूल्यों को याद दिलाने का अवसर है। सुशासन दिवस के उपलक्ष्य में अंबाला में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अंबाला शहर के पंचायत भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में सांसद कार्तिकेय शर्मा ने भाग लिया। उन्होंने अटल जी के जीवन से प्रेरणा लेते हुए युवाओं के साथ अपने विचार साझा किए।

## उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने जाना विनोद कांबली का हाल, पूर्व क्रिकेटर के लिए 5 लाख रुपए मदद की घोषणा






मुंबई (आरएनएस)। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की ओर से भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाज विनोद कांबली को 5 लाख रुपये की निजी सहायता देने की घोषणा की गई है। कांबली 90 के दशक के स्टाइलिश बाएं हाथ के बल्लेबाज रहे हैं। फिलहाल उनकी स्वास्थ्य स्थिति ठीक नहीं है और उनको ठाणे (भिवंडी) के आकृति अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को जैसे ही कांबली के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी मिली, उनके आदेशानुसार उनके ओएसडी मंगेश चिवटे ने उनसे मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने आकृति अस्पताल के डॉक्टरों से कांबली के लिए सर्वोत्तम इलाज सुनिश्चित करने का अनुरोध भी किया।

विनोद कांबली पिछले कुछ दिनों से बीमार हैं। चिवटे के अनुसार, कुछ दिन पहले आकृति अस्पताल के डॉक्टरों की एक टीम कांबली के स्वास्थ्य की जानकारी लेने के लिए बांद्रा स्थित उनके आवास पर गई थी। उस समय उन्होंने कांबली के परिवार से मुलाकात की और उन्हें सलाह दी कि यदि संभव हो तो उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया जाए। इसके बाद कांबली के परिवार ने उन्हें आकृति अस्पताल में भर्ती कराया।वहीं, क्रिकेटर विनोद कांबली की मौजूदा स्थिति को देखते हुए कल्याण लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्रीकांत शिंदे ने कांबली को 5 लाख रुपये की निजी सहायता देने की घोषणा की है। यह मदद श्रीकांत शिंदे की फाउंडेशन के माध्यम से की जाएगी। यह सहायता अगले सप्ताह प्रदान की जाएगी तथा सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे आने वाले दिनों में भारत के पूर्व आक्रामक बल्लेबाज को और सहायता प्रदान करते रहेंगे।अस्पताल में डॉक्टरों की एक टीम कांबली का इलाज कर रही है।

## करौली में बस की टक्कर से कार के उड़े परखच्चे, एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत

करौली (आरएनएस)। राजस्थान के करौली जिले में रात को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। यहां एक निजी बस और कार के बीच जबरदस्त टक्कर हुई है। हादसे में कार सवार 5 लोगों की मौत हो गई है जबकि बस में सवार 15 यात्री भी जख्मी हुए हैं जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा इतना गंभीर था कि कार और बस के परखच्चे उड़ गए। हादसे में कार सवार एक ही परिवार के 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। DM नीलाभ सक्सेना, SP बृजेश ज्योति उपाध्याय और ASP गुमनाराम तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने कार और बस में फंसे लोगो को निकलवाकर जिला अस्पताल पहुंचाया। घायलों में कुछ की हालत नाजुक बताई जा रही है। मृतकों में पति, पत्नी, बेटा-बेटी और एक महिला रिश्तेदार शामिल है। मृतकों की कार में मिले आधार कार्ड से सभी की शिनाख्त हुई है।मृतकों के नाम-नयन कुमार देशमुख अनीता (पत्नी) मनस्वी (बेटी), खुशदेव (बेटा), प्रीती भट्ट (रिश्तेदार),कैला देवी के दर्शन कर लौट रहे थे सभी बताया जा रहा है कि मध्य प्रदेश के इंदौर से कुछ लोग कार में सवार होकर कैला देवी के दर्शन करने गए थे।



प्रयागराज में महाकुंभ मेला 2025 से पहले गंगा नदी के तट पर दशाश्वमेध घाट का एक दृश्य.

## मेट्रो विस्तारीकरण पर कुल 5452.72 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगें : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

चंडीगढ़, (आरएनएस)। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि गुरूग्रामवासियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गुरूग्राम के मिलेनियम सिटी सेंटर से रेलवे स्टेशन, सैक्टर-22 व साइबर सिटी के बीच मैट्रो विस्तारीकरण किया जाएगा। इस परियोजना पर कुल 5452.72 करोड रूपए खर्च किए जाएंगें। उन्होंने बताया कि गुरुग्राम में मेट्रो विस्तारीकरण का निर्माण कार्य आगामी 1 मई, 2025 से शुरू कर दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने यह जानकारी आज यहां गुरुग्राम में उनकी अध्यक्षता में गुरुग्राम मेट्रो रेल लिमिटेड (जीएमआरएल) के तहत मिलेनियम सिटी सेंटर से रेलवे स्टेशन, सेक्टर-22 व साइबर सिटी के बीच मेट्रो विस्तारीकरण के लिए आयोजित एक बैठक में दी। इस मौके पर उद्योग मंत्री राव नरबीर सिंह व पूर्व विधायक बिमला चौधरी भी उपस्थित रहीं।

मेट्रो विस्तारीकरण का कार्य 4 साल में पूरा होगा

बैठक में मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि मेट्रो विस्तारीकरण का कार्य 4 साल में पूरा होगा। इस संबंध में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए मेट्रो के कार्य को तेज गति से आगे बढ़ाया जाए। इसके अलावा, उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि लोगों को मेट्रो निर्माण के दौरान किसी प्रकार की असुविधा ना हो और यातायात सुचारू रूप से संचालित रहे, उस संबंध में भी बेहतरीन योजना बनाई जाए। उन्होंने कहा



कि जब भी कोई बड़ा निर्माण इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा किया जाता है, तो वह लंबे समय तक चले और लोगों को लाभ मिले, ऐसी योजना अधिकारियों को बनानी चाहिए।यह मेट्रो सीबीटीसी सिग्नल पर आधारित होगी तथा अधिकतम स्पीड 80 किलोमीटर प्रति घंटा होगी

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि इस परियोजना पर केन्द्र सरकार द्वारा 896.19 करोड़ रुपए तथा हरियाणा सरकार की ओर से 4556.53 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगें। इस परियोजना के अंतर्गत मीडियम मेट्रो को स्थापित किया जाएगा तथा यह स्टैण्डर्ड गेज पर संचालित होगी। इसके अलावा, यह मैट्रो सीबीटीसी अर्थात कम्युनिकेशन बेस्ड ट्रेन कंट्रोल सिग्नल पर आधारित होगी तथा अधिकतम स्पीड 80 किलोमीटर प्रति घंटा होगी। शुरुआत में इस मेट्रो कनेक्टिविटी में 3 कोच लगाए जाएंगे तथा उसके बाद इसे 6 कोच तक बढ़ाया जाएगा। मुख्यमंत्री को बैठक के दौरान अवगत कराया गया कि मेट्रो विस्तारीकरण के निर्माण के दौरान पांच अंडरपास और फ्लाईओवर भी बनाए जाने हैं।

28.50 किलोमीटर लंबी इस मेट्रो रेल लाइन पर कुल 27 स्टेशन होंगे

बैठक में बताया गया कि मिलेनियम सिटी से साइबर सिटी, गुरूग्राम के बीच चलने वाली मैट्रो रेल की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट को हरियाणा सरकार तथा केन्द्र सरकार से मंजूरी प्रदान की जा चुकी है तथा इस परियोजना की आधारशिला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 16 फरवरी, 2024 को रेवाड़ी में रखी गई थी। बैठक में बताया गया कि 28.50 किलोमीटर लंबी इस मैट्रो रेल लाईन पर कुल 27 स्टेशन होंगें तथा एक डिपो भी निर्मित किया जाएगा जिसमें से 8 स्टेशन मॉडल स्टेशन होंगे।जीयोटैक्नीकल इन्वेस्टिगेशन के लिए पहले पैकेज-1 (13 किलोमीटर) का कार्य पूरा


बैठक में बताया गया कि इस मैट्रो परियोजना को स्थापित करने के लिए गुरुग्राम मेट्रो रेल लिमिटेड द्वारा 20 अति आवश्यक पदों पर प्रतिनियुक्ति या तत्काल समावेश के आधार पर पात्र उम्मीदवारों को उनके मूल विभाग के नियम व शर्तों के आधार पर चिन्हित कर रखने की कवायद जारी है।

## रात में देर से घर पहुंची बहन और करने लगी झगड़ा, भाई ने पीट पीटकर मार डाला

देवरिया , (आरएनएस)। यूपी के देवरिया से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां रुद्रपुर थाना क्षेत्र के लाला टोली में बीती रात एक भाई ने अपनी ही बहन के सिर पर लोहे की रॉड से वार कर उसकी निर्मम हत्या कर दी। हत्या का कारण मामूली विवाद बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुच गई। वहीं एसपी विक्रांत वीर ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और कहा कि 35 वर्षीय रानी गुप्ता के सगे भाई ब्रम्हा गुप्ता ने लोहे की रॉड से मार मारकर उसकी हत्या कर दी है। ब्रम्हा गुप्ता हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस टीम मौके से साक्ष्य इकट्ठा कर रही है। मृतका की मां की तहरीर पर भाई के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया गया है। एसपी ने बताया कि रुद्रपुर के लाला टोली वार्ड की रहने वाली रानी गुप्ता रात करीब 9:30 बजे कहीं से घूम कर घर पहुंची। देर से घर आने को लेकर परिजनों ने उससे पूछताछ की तो वह उनसे झगड़ने लगी।

## महाकुंभ की तैयारी को लेकर सपा मुखिया अखिलेश ने उठाए सवाल

लखनऊ (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज महाकुंभ की तैयारियों के बीच समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा पर निशाना साधा है। अखिलेश यादव ने वीडियो जारी कर सवाल उठाए हैं। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि भाजपा सरकार में 'प्रयागराज महाकुंभ 2025' की तैयारी की सच्चाई। कम से कम पुलिस विभाग का काम तो बहुत पहले ही पूरा हो जाना चाहिए था क्योंकि सुरक्षा चक्र का प्रबंधन किसी अंतिम दिन की प्रतीक्षा नहीं करता है। प्रयागराज की आहत जनता पूछ रही है कि महादानी सम्राट हर्षवर्धन की प्रतिमा हटाने के लिए तो भाजपा सरकार बहुत तत्पर थी पर वैसी तेजी प्रशासनिक प्रबंधन के लिए क्यों नहीं दिखाई जा रही है। प्रबंधन करते समय प्रयागराज और मेला क्षेत्र के



आसपास की स्थानीय जनता की जरूरतों और समस्याओं को नजरअंदाज करने की जो शिकायतें मिल रही हैं, उनका भी तुरंत समाधान किया जाए।

उन्होंने आगे लिखा कि प्रयागराज के निवासियों के बीच किसी इमरजेंसी के घटित होने पर आवागमन और परिवहन को लेकर मन में जो चिंता है, उसके निराकरण के लिए वैकल्पिक व्यवस्था भी की जाए। हम चाहते हैं महाकुंभ भी चले और प्रयागराज भी गतिमान रहे।सपा प्रमुख ने कहा कि अगर शासन-प्रशासन महाकुंभ की तैयारी में विफल हो गया है तो सहायता करने के लिए हम अपने सच्चे-समर्पित कार्यकर्ता भेजने का प्रस्ताव रखते हैं क्योंकि भाजपा वाले तो कहीं खाने-कमाने या चुनाव के जोड़-जुगाड़ में लगे होंगे। ज्ञात हो कि महाकुंभ भारतीय संस्कृति और आस्था का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन माना जाता है। इसका आयोजन प्रमुख रूप से चार पवित्र स्थलों- प्रयागराज, नासिक, उज्जैन और हरिद्वार में होता है। इस महापर्व का साधु-संतों और श्रद्धालुओं द्वारा बेसब्री से इंतजार किया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, महाकुंभ में गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम में स्नान करने से व्यक्ति को अपने जीवन के पापों से मुक्ति मिलती है और मोक्ष की प्राप्ति होती है।

## हरियाणा में बारिश, कोहरा और शीतलहर का कहर : नए साल की शुरुआत ठंड के साथ

चंडीगढ़(आरएनएस)। पश्चिमी विक्षोभ के असर से हरियाणा में ठंड का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। पहाड़ों पर लगातार हो रही बर्फबारी का असर मैदानी इलाकों में भी साफ दिखाई दे रहा है। मंगलवार रात को हुई बारिश और तेज बर्फीली हवाओं के कारण तापमान में भारी गिरावट आई है। दिसंबर के आखिरी दिनों में पड़ रही इस ठंड का आम जनजीवन पर गहरा असर पड़ रहा है। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों के लिए हरियाणा में येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार 25-26 दिसंबर को सुबह के समय घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। 27-28 दिसंबर को पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से कई जिलों में बारिश और ओलावृष्टि की संभावना है। दिन के तापमान में और गिरावट आने से ठंड बढ़ सकती है। खासकर बुजुर्गों और बच्चों को घर के अंदर रहने और गर्म कपड़े पहनने की हिदायत दी गई है। बारिश ने सर्दी का असर बढ़ा दिया है।




केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में आईसीएआर-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में 10,000 से अधिक एम-पैक्स, डेयरी एवं मत्स्य सहकारी समितियां राष्ट्र को समर्पित कीं.

# ब्लैक रिवीलिंग लहंगे में सोफी चौधरी ने हॉट अदाओं से लूटी महफील



बॉलीवुड एक्ट्रेस और सिंगर सोफी चौधरी आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। उनका कातिलाना अवतार इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस बेकाबू हो गए हैं।एक्ट्रेस, मॉडल और सिंगर सोफी चौधरी आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर लोगों को दीवाना बनाए रहती हैं।वो जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस सोफी चौधरी ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं।इन फोटोज में उनका रिवीलिंग लुक देखकर फैंस उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। इन फोटोज में उनका स्टनिंग अवतार देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं।लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान आप देख सकते हैं एक्ट्रेस सोफी चौधरी ने ब्लैक कलर का रिवीलिंग गाउन स्टाइल में लहंगा कैरी किया है, जिसमें वो बेहद ही सिजलिंग और हॉट नजर आ रही हैं।खुले बाल, कानों में इयररिंग्स और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस सोफी चौधरी ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।सोफी चौधरी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी जबरदस्त है।

### अजय देवगन की आजाद का पहला गाना बिरंगे जारी, होली के रंग में रंगे नजर आए राशा-अमन

अजय देवगन को पिछली बार सिंघम अगेन में देखा गया था, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी।अब अजय जल्द फिल्म आजाद के जरिए दर्शकों का मनोरंजन करते हुए नजर आएंगे।यह फिल्म इसलिए खास है, क्योंकि इसके जरिए रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी अभिनय की दुनिया में कदम रखने जा रही हैं।अब निर्माताओं ने आजाद का पहला गाना बिरंगे जारी कर दिया है, जिसे अमित त्रिवेदी और मीनल जैन ने गाया है।

आजाद अजय के भांजे अमन देवगन की भी पहली फिल्म है। इस गाने में अमन और राशा की खूबसूरत केमिस्ट्री देखने को मिल रही है। होली के रंग में रगे दोनों जबरदस्त डांस करते दिख रहे हैं।आजाद 17 जनवरी, 2025 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। डायना पेंटी, मोहित मलिक और पीयूष मिश्रा जैसे कलाकार भी इस फिल्म में अभिनय करते नजर आएंगे।आजाद के निर्देशन की कमान अभिषेक कपूर ने संभाली है। रोनी स्क्रूवाला इस फिल्म के निर्माता हैं।

ऐसा पहली बार है जब अजय देवगन और डायना पेंटी एक साथ किसी फिल्म में नजर आएगी। यह राशा और अमन, दोनों की ही पहली बॉलीवुड फिल्म है। निर्देशन अभिषेक कपूर ने इससे पहले कई फिल्मों का निर्देशन किया है, जिसमें काई पो चे, केदारनाथ, रॉक ऑन और चंडीगढ़ करे आशिकी जैसी कई प्रसिद्ध फिल्में शामिल हैं।

# कियारा आडवाणी ने 13 दिनों में फिल्माया अपकमिंग फिल्म गेम चेंजर का गाना



जल्द ही अपकमिंग फिल्म गेम चेंजर में दिखाई देने वाली अभिनेत्री कियारा आडवाणी ने हाल ही में खुलासा किया है कि उन्होंने पहली बार 13 दिनों के लंबे शेड्यूल में एक गाने की शूटिंग की है।सोमवार को अभिनेत्री कबीर सिंह ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी अपकमिंग फिल्म गेम चेंजर के गाने 'धोप' के लिए रिहर्सल करते हुए एक वीडियो पोस्ट किया।कैप्शन में, कियारा ने खुलासा किया कि यह पहली बार था, जब उन्होंने 13 दिनों तक एक फिल्म के गाने को ऐसे सेट पर फिल्माया, जो डिज्नीलैंड जैसा महसूस हुआ।क्लिप शेयर करते हुए आडवाणी ने लिखा, गेम चेंजर के पहले शेड्यूल के लिए रिहर्सल के पहले दिन की एक झलक। हमने फिल्म की शुरुआत खूबसूरती से तैयार किए गए गाने धोप' की शूटिंग के साथ की।अभिनेत्री ने कहा, यह पहली बार था जब मैंने 13 दिनों तक एक फिल्म के गाने की शूटिंग ऐसे सेट पर की, जिसने मुझे ऐसा महसूस कराया कि मैं डिज्नीलैंड में हूं। मैं सोच रही थी कि हम यह कैसे करने जा रहे हैं, लेकिन यही हमारे काम की खूबसूरती है कि हम हमेशा कुछ नया सीखते हैं। गेम चेंजर में चरण ने दोहरी भूमिका निभाई है, जिसमें कियारा, अंजलि, एसजे सूर्या, श्रीकांत और समुथिरकानी जैसे शानदार कलाकार शामिल हैं। यह फिल्म 10 जनवरी, 2025 को तेलुगु, तमिल और हिंदी में रिलीज होने वाली है।बीते दिन निर्माता दिल राजू के जन्मदिन पर एल्बम के चौथे सिंगल धोप का टीजर रिलीज किया।विवेक द्वारा लिखे गए तमिल संस्करण में थमन एस, अदिति शंकर और प्रुध्वी श्रुति रंजनी ने अपनी आवाज दी है, जबकि रकीब आलम द्वारा लिखे गए हिंदी संस्करण में थमन एस., राजकुमारी और प्रुध्वी श्रुति रंजनी की आवाजें हैं। इस फुट-टैपिंग नंबर में राम चरण और कियारा अपने जबरदस्त डांस मूव्स दिखाए हैं।धोप को अमेरिका के टेक्सस प्रांत के डैलस शहर में बहुत उत्साह के साथ लॉन्च किया गया, जहां गेम चेंजर टीम का सैकड़ों प्रशंसकों ने स्वागत किया। यहां फैंस को राम चरण के साथ बातचीत का अवसर मिला। यह कार्यक्रम एक भव्य समारोह में बदल गया, जिसमें प्रभावशाली स्टार एंट्री, आकर्षक बातचीत और ट्रैक के बारे में रोचक किस्से शामिल थे।राम चरण ने फिल्म गेम चेंजर के लिए निर्देशक शंकर के साथ काम किया है। इस प्रोजेक्ट में राम चरण को दोहरी भूमिका में दिखाया गया है। उनके साथ फिल्म में कियारा आडवाणी, अंजलि, एसजे सूर्या, श्रीकांत और समुथिरकानी जैसे स्टार कलाकार शामिल हैं। गेम चेंजर मनोरंजक राजनीतिक थ्रिलर बनाने में अपनी विशेषज्ञता के लिए प्रसिद्ध निर्देशक एस. शंकर की वापसी है। इस फिल्म में राम एक आईएएस अधिकारी की भूमिका निभाते हैं, जो भ्रष्ट व्यवस्था को चुनौती देता है।

# शाहिद कपूर की फिल्म देवा निर्धारित समय से पहले सिनेमाघरों में दस्तक देगी

एक्शन और थ्रिलर से भरपूर शाहिद कपूर स्टारर देवा मच अवेटेड फिल्मों में से एक है. इस मूवी की रिलीज डेट में लगातार बदलाव हो रहा है. पहले ये एक्शन थ्रिलर 14 फरवरी, 2025 को रिलीज होने वाली थी लेकिन अब मेकर्स ने इसे तय तारीख से पहले रिलीज करने का फैसला किया है. मेकर्स ने पोस्टर जारी कर देवा की नई रिलीज डेट अनाउंस कर दी है.



ज़ी स्टूडियोज़ ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पेज पर थ्रिलर देवा की नई रिलीज की तारीफ जारी की है. बता दें कि ये फिल्म अब 31 जनवरी 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है. पोस्टर के साथ कैप्शन में लिखा गया है, धैर्य से बैठे रहिए, क्योंकि इंतजार अब और छोटा हो गया है! देवा आपकी सोच से भी जल्दी आपके पास आ रही है- 31 जनवरी, 2025! हाईप रियल है, एनर्जी रूफ के जरिये है और हम उम्मीद से पहले इस एक्शन से भरपूर थ्रिलर को आपके सामने लाने के लिए बहुत एक्साइटेड हैं. अपने कैलेंडर पर मार्क कर लें और एक ऐसे दिल छू लेने वाले एक्सपीरियंस के लिए तैयार हो जाएं जिसे आप नहीं भूलेंगे.बता दें कि 'देवा' मलयालम के जाने-माने डायरेक्टर रोशन एंड्रयूज द्वारा निर्देशित है और इसे ज़ी स्टूडियोज़ और सिद्धार्थ रॉय कपूर ने प्रोड्यूस किया है. यह फिल्म लगभग एक साल बाद शाहिद कपूर की बड़े पर्दे पर वापसी का मौका है. फिल्म में उनके साथ पूजा हेगड़े और पावेल गुलाटी भी नजर आएंगे. बता दें विक्की कौशल की अपकमिंग फिल्म छावा की रिलीज डेट भी अनाउंस कर दी गई है. ये फिल्म पहले 6 दिसंबर को रिलीज होनी थी लेकिन फिर पुष्पा 2 के चलते इसकी रिलीज डेट बदल दी गई और अब ये 14 फरवरी 2025 को रिलीज होगी. वहीं 14 फरवरी को शाहिद कपूर की देवा सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली थी लेकिन छावा की रिलीज डेट अनाउंस होने के बाद देवा के मेकर्स ने इसे प्रीपोन्ड कर दिया है. जो भी हो शाहिद के फैंस एक्टर की इस फिल्म के जल्ज रिलीज होने को लेकर बेहद एक्साइटेड हैं.

# पुष्पा 2 की 1600 करोड़ के क्लब में एंट्री, अल्लू अर्जुन की फिल्म ने हिंदी में किया 700 करोड़ का आंकड़ा पार




अल्लू अर्जुन की एक्शन थ्रिलर फिल्म पुष्पा 2 दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है. लगातार 2 हफ्तों से फिल्म रिकॉर्ड तोड़ कमाई कर रही हैं, वहीं तीसरे हफ्ते में भी यह नए-नए रिकॉर्ड बना रही है. सुकुमार की निर्देशित फिल्म भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 1100 करोड़ रुपये की ओर बढ़ रही है. जबकि इसने दुनियाभर में 1600 करोड़ रुपये का आंकड़ा छू लिया है.

सैकनिल्क के शुरुआती अनुमानों के अनुसार, 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई पुष्पा 2 की भारत में कमाई में करीब 20 करोड़ रुपये की गिरावट आई. 18वें दिन अल्लू अर्जुन की फिल्म ने 32.95 करोड़ रुपये कमाए. वहीं, तीसरे सोमवार को पुष्पा 2 ने भारत में 12.25 करोड़ रुपये की कमाई की.

19वें दिन पुष्पा 2 तेलुगू वर्जन की तुलना में हिंदी बेल्ट में बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रही है. 23 दिसंबर को पुष्पा ने भारत में हिंदी बॉक्स ऑफिस पर 9.75 करोड़ रुपये का बिजनेस किया. जबकि तेलुगू में इसने 2.2 करोड़ रुपये की कमाई की. पुष्पा 2 ने 19 दिनों में सभी भाषाओं में 1074.85 करोड़ रुपये कमाए. है

पुष्पा 2 ने हिंदी बॉक्स ऑफिस पर 700 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है. मेकर्स के मुताबिक फिल्म ने 16वें दिन 645 करोड़ रुपये का बिजनेस किया था. रिपोर्ट के अनुसार, पुष्पा 2 ने 17वें दिन 20 करोड़ रुपये और 18वें दिन 26.75 करोड़ रुपये कमाए. वहीं, 19वें दिन इसने 13 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है. 19 दिनों के बाद पुष्पा 2 ने हिंदी पट्टी में कुल 704.25 करोड़ रुपये कमाए हैं.फिल्म इंडस्ट्री ट्रैकर मनोबाला विजनबालन ने पुष्पा 2 के वर्ल्डवाइड कलेक्शन के बारे में जानकारी दी है. मनोबाला के मुताबिक, पुष्पा 2 1600 करोड़ के क्लब में शामिल हो गई है. उम्मीद है कि यह जल्द ही प्रभास की ब्लॉकबस्टर फिल्म बाहुबली को पीछे छोड़ देगी है.

### अनिल कपूर के जन्मदिन पर फिल्म सूबेदार से उनकी पहली झलक आई सामने

बॉलीवुड एक्टर अनिल कपूर आज 68 साल के हो गए हैं. वहीं आज उनके जन्मदिन पर फैंस उन्हें खूब बधाइयां दे रहे हैं, तो वहीं एक्टर ने भी फैंस को तोहफा दिया है. एक्टर ने हाल ही में अपनी नई फिल्म सूबेदार की अनाउंसमेंट की है और इसी के साथ फिल्म का फर्स्ट लुक भी सामने आ गया है. उनकी अपकमिंग फिल्म का टीजर भी रिलीज हो गया है.

फिल्म में वो फौजी के रोल में नजर आ रहे हैं. फिल्म का टीजर 1 मिनट, 47 सेकंड का है. जिसमें एक घर के अंदर का सीन शुरु होता है. जिसमें एक्टर बैठे हैं. वह जिस घर में होते हैं वो घर लोगों से घिरा हुआ होता है. जो कि बाहर खड़े दरवाजा पीट रहे होते है और सैनिक को बाहर आने के लिए कह रहे हैं. वहीं अनिल कपूर का लुक सामने आता है. जिसमें वो कुर्सी पर हाथ में बंदूक लिए नजर आ रहे होते हैं. वहीं वो कहते हैं- फौजी तैयार.

एक्टर ने फिल्म का टीजर वीडियो अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है. उन्होंने इसके कैप्शन में लिखा- एक खास दिन के लिए एक खास अनाउंसमेंट की जरूरत होती है. सूबेदार, नई फिल्म, जल्द आ रही है.

इस फिल्म में उनके साथ एक्ट्रेस राधिका मदान भी नजर आएंगी. फिल्म की कहानी की बात करें तो फिल्म की कहानी सुरेश त्रिवेणी और प्रज्जवल चंद्रशेखर ने लिखी है. विक्रम मल्होत्रा, सुरेश त्रिवेणी और अनिल कपूर ने फिल्म को एबंडेंशिया एंटरटेनमेंट, ओपनिंग इमेज और अनिल कपूर फिल्म एंड कम्युनिकेशन नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले प्रोड्यूस किया है.

### सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी की बॉर्डर 2 की शूटिंग शुरू, सामने आई तस्वीर

सनी देओल की बॉर्डर 2 की शूटिंग आखिरकार शुरू हो गई है. मेकर्स ने सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी जैसे सितारों से सजी फिल्म बॉर्डर 2 की शूटिंग की पहली झलक सोशल मीडिया पर शेयर की है. इस फिल्म की शूटिंग ने फैंस के उत्साह को बढ़ा दिया है.

मेकर्स ने बॉर्डर 2 के सेट से एक तस्वीर शेयर की है और फैंस को बताया कि फिल्म की शूटिंग शूरू हो गई है. इस पोस्टर को साझा करते हुए मेकर्स ने लिखा है, सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी की मुख्य भूमिका वाली यह अनुराग सिंह की निर्देशित फिल्म, सिनेमा के दिग्गज भूषण कुमार, जेपी दत्ता और निधि दत्ता ने शुरू कर दिया है. यह फिल्म अनदेखे एक्शन, ड्रामा और देशभक्ति का वादा करती है. अपने कैलेंडर पर निशान लगा लें: बॉर्डर 2 23 जनवरी, 2026 को सिनेमाघरों में आएगी.

1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध पर आधारित बॉर्डर 2 की शूटिंग पहले इसी साल नवंबर में शुरू होनी थी. लेकिन, लॉजिस्टिक के कारण, प्रोडक्शन टीम ने इसे पोस्टपोन करने का फैसला किया. फिल्म मेकर जेपी दत्ता और उनकी बेटी निधि दत्ता ने अपनी टीम के माध्यम से शूटिंग करने के लिए परमिशन ले लिया है. जम्मू-कश्मीर पर्यटन विभाग के एक अधिकारी ने इसकी पुष्टि की है.

# वॉल बॉल सिट-अप्सः जानिए इस एक्सरसाइज को करने का तरीका और इसके फायदे

*वॉल बॉल सिट-अप्स एक ऐली एक्सरसाइज है, जो शरीर की मांसपेशियों को मजबूत देने में मदद कर सकती है। इसमें वॉल बॉल का इस्तेमाल होता है, जिसे हाथों में पकड़कर सिट-अप्स किए जाते हैं।इसे करने से शरीर की सहनशक्ति और संतुलन में सुधार होता है। अगर आप अपने फिटनेस रुटीन में कुछ नया जोड़ना चाहते हैं तो वॉल बॉल सिट-अप्स एक अच्छा विकल्प हो सकता है।आइए इस एक्सरसाइज से जुड़ी महत्वपूर्ण बाते जानते हैं।*



### वॉल बॉल सिट-अप्स करने का तरीका

वॉल बॉल सिट-अप्स करने के लिए सबसे पहले जमीन पर लेट जाएं और अपने घुटनों को मोड़ें।अब एक वॉल बॉल लेकर उसे दोनों हाथों से पकड़ें। धीरे-धीरे अपनी पीठ को ऊपर उठाएं और गेंद को भी ऊपर ले जाएं।ध्यान रखें कि पीठ सीधी रहे और गर्दन पर जोर न पड़े। जब आप पूरी तरह से बैठ जाएं तो गेंद को वापस नीचे लाएं और फिर धीरे-धीरे लेट जाएं।इस प्रक्रिया को 10 से 15 बार दोहराएं।

### वॉल बॉल सिट-अप्स के करने के फायदे

वॉल बॉल सिट-अप्स करने से शरीर के कई हिस्से मजबूत होते हैं। यह एक्सरसाइज खासतौर से पेट की मांसपेशियों पर काम करती है, जिससे वे मजबूत होती हैं। इसके अलावा यह आपकी पीठ की मांसपेशियों को भी मजबूत बनाता है, जिससे आपको कमर दर्द जैसी समस्याओं से राहत मिल सकती है।इस एक्सरसाइज के नियमित अभ्यास से शरीर का संतुलन बेहतर होता है और शरीर की सहनशक्ति भी बढ़ती है।

### एक्सरसाइज करते समय बरतें ये सावधानियां

वॉल बॉल सिट-अप्स करते समय कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी होता हैं ताकि चोट लगने का खतरा ना हो।सुनिश्चित करें कि आपने सही आकार वाली वॉल बॉल चुनी हो, जो ज्यादा भारी या हल्की ना हो ।इसके अलावा अपनी पीठ सीधी रखें ताकि रीढ़ की हड्डी पर दबाव ना पड़े।गर्दन पर ज्यादा जोर डालने से बचें। अगर आपको कोई दर्द महसूस होता हैं तो तुरंत रुक जाएं।

### इस एक्सरसाइज को अन्य एक्सरसाइज के साथ मिलाकर कैसे करें

वॉल बॉल सिट-अप्स के साथ अन्य एक्सरसाइज जोड़कर आप अपने फिटनेस रूटीन में विविधता ला सकते हैं ।जैसे कि प्लैंक या पुश-अप जैसी एक्सरसाइज शामिल कर सकते हैं, जो पूरे शरीर की ताकत बढ़ाने में मदद करती हैं।इसके अलावा स्क्वाट या लंजेस जैसी एक्सरसाइज भी कर सकते हैं, जो पैरों की मांसपेशियों पर काम करती हैं। इन सभी एक्सरसाइज का संयोजन करके आप पूरे शरीर का बेहतरीन कसरत प्राप्त कर सकते हैं।

# क्या सभी सलाद ड्रेसिंग होती हैं सेहतमंद जानिए इस मिथक की सच्चाई

सलाद खाना सेहत के लिए अच्छा होता है, क्योंकि इसमें कई पौष्टिक सब्जियां शामिल होती हैं। लोगों का मानना है कि इसमें इस्तेमाल होने वाली ड्रेसिंग भी सेहतमंद होती हैं।हालांकि, बाजार में मिलने वाली कई ड्रेसिंग में अधिक मात्रा में शक्कर, सोडियम और अप्राकृतिक तत्व होते हैं, जो आपके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकते हैं।आइए इस लेख के माध्यम से जानते हैं कि सभी सलाद ड्रेसिंग सेहतमंद होती हैं या नहीं।

### घर पर बनी ड्रेसिंग हैं बेहतर विकल्प

घर पर बनी सलाद ड्रेसिंग अक्सर बाजार में मिलने वाली सलाद ड्रेसिंग की तुलना में ज्यादा सेहतमंद होती है। इसमें आप जैतून का तेल, नींबू का रस, नमक और काली मिर्च जैसी ताजी और प्राकृतिक सामग्रियों का उपयोग कर सकते हैं।इसके अलावा, आप इसमें अपनी पसंद के अनुसार जड़ी बूटियां और मसाले भी डाल सकते हैं। इससे न केवल सलाद का स्वाद बढ़ता है, बल्कि यह आपके स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद होती है।

### चीनी और सोडियम की मात्रा पर ध्यान दें

बाजार में मिलने वाली सलाद ड्रेसिंग में अधिक मात्रा में शक्कर और सोडियम होता है। अगर आप इन्हें नियमित रूप से खाते हैं तो ये तत्व आपकी सेहत के लिए हानिकारक हो सकते हैं।इसलिए हमेशा लेबल पढ़ें और कम शक्कर व सोडियम वाली ड्रेसिंग चुनें। इसके अलावा, कोशिश करें कि ड्रेसिंग में प्राकृतिक सामग्री हो और अप्राकृतिक तत्व न हों।इस तरह आप अपनी सेहत का ध्यान रख सकते हैं और सलाद को सचमुच सेहतमंद बना सकते हैं।

### अप्राकृतिक तत्वों से बचें

कई सलाद ड्रेसिंग में अप्राकृतिक तत्व होते हैं, जो शरीर के लिए अच्छे नहीं होते। इनमें प्रिजर्वेटिव्स, आर्टिफिशियल फ्लेवर्स और रंग



शामिल हो सकते हैं, जो सेहत के लिए हानिकारक हो सकते हैं।इनसे बचने के लिए हमेशा प्राकृतिक सामग्री वाली या घर पर बनाई गई ड्रेसिंग का उपयोग करें।घर पर बनी ड्रेसिंग में आप ताजी सामग्री का उपयोग कर सकते हैं, जिससे न केवल स्वाद बढ़ता है, बल्कि स्वास्थ्य का भी समर्थन होता है।

### कैलोरी की मात्रा को नजरअंदाज न करें

सलाद को सेहतमंद मानते हुए हम अक्सर उसकी ड्रेसिंग की कैलोरी को नजरअंदाज कर देते हैं। कुछ तैयार सलाद ड्रेसिंग बहुत ज्यादा कैलोरी युक्त होती हैं, जो आपके वजन बढने् का कारण बन सकती हैं।इसलिए हमेशा कम कैलोरी वाली ड्रेसिंग चुनें या फिर घर पर ही हल्की-फुल्की सामग्री से अपनी खुद की ड्रेसिंग बनाएं।सभी सलाद ड्रेसिंग सेहतमंद नहीं होती हैं। सही जानकारी और समझदारी के साथ इनका चुनाव करना जरूरी है, ताकि आप स्वस्थ बने रहें।

# अंतरिक्ष में फंसी सुनीता ने मनाया क्रिसमस, लोगों ने पूछा टोपी वहीं खरीदी या हाट बाजार से खरीदी



वॉशिंगटन(ए.)। अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स बीते कई महीनों से स्पेस में फंसी हैं। उनकी वापसी तकनीकी एवं अन्य कारणों के चलते अटकी हुई है। इसी बीच तीज त्योहार मनाने की तस्वीरें सामने आती रहीं हें। आज क्रिसमस पर जश्न मनाते सुनीता एक बार फिर दिखीं। सोशल मीडिया पर लोगों ने पूछा कि ये सांता की टोपी क्या वहीं सिलवाई है या अंतरिक्ष में लगी हाट से खरीदी है।

सुनीता और बुच के क्रिसमस सेलिब्रेशन की तस्वीरें जैसे ही सामने आईं, सोशल मीडिया पर लोगों ने सवाल उठाने शुरू कर दिए। कई यूजर्स ने पूछा, क्या सांता हैट और क्रिसमस की सजावट वे अपने साथ ले गए थे, या उन्होंने इसे वहीं बनाया? एक अन्य ने व्यंग्यात्मक रूप से लिखा, ये वही लोग हैं जो जून में आठ दिन के मिशन के लिए गए थे? इसके अलावा, कुछ यूजर्स ने इसे बड़ा षड्यंत्र बताते हुए दावा किया कि ये सभी तस्वीरें और वीडियो एक स्टूडियो में फिल्माए गए हैं। नासा ने इन आरोपों को खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि आईएसएस पर भेजे गए ताजा सामान की डिलीवरी में क्रिसमस की सजावट, विशेष उपहार, और उत्सव के भोजन शामिल थे। यह डिलीवरी नवंबर के अंत में एक स्पेसएक्स के जरिए की गई थी। नासा ने बताया कि हर साल आईएसएस को ताजा राशन और आवश्यक सामग्री के साथ-साथ त्योहारों के लिए विशेष सामान भी भेजा जाता है।

अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर फंसे नासा के अंतरिक्ष यात्रियों सुनीता विलियम्स और बुच विलमोर ने इस क्रिसमस को खास अंदाज में मनाया है। सैंटा हैट और क्रिसमस की अन्य सजावट पहने इन अंतरिक्ष यात्रियों की तस्वीरें हाल ही में सामने आईं, जिसमें वे उत्सव के मूड में दिखाई दिए। हालांकि इससे आशंकाओं भरे सवाल भी उठे हैं।

इससे पहले, आईएसएस पर मौजूद अंतरिक्षयात्रियों ने धन्यवाद दिवस (थैंक्सगिविंग) भी धूमधाम से मनाया था। अब वे वहीं क्रिसमस और नए साल का जश्न मना रहे हैं। सुनीता और बुच केवल आठ दिन की यात्रा के लिए गए थे, लेकिन तकनीकी और अन्य बाधाओं के कारण लगभग एक साल अंतरिक्ष में बिताने को मजबूर हैं। उनकी वापसी का कार्यक्रम अब 2025 के वसंत तक टाल दिया गया है।आईएसएस पर मौजूद सात अंतरिक्ष यात्री और कॉस्मोनॉट्स के लिए भेजे गए पैकेज में हैम, टर्की, सब्जियां, पाई और कुकीज जैसे स्वादिष्ट खाद्य पदार्थ शामिल थे। इसके अलावा, सांता हैट और एक छोटा क्रिसमस ट्री भी भेजा गया था। सुनीता और बुच ने इन सजावटों के साथ अपने क्रिसमस वीडियो को ऑनलाइन साझा किया।

## ट्रम्प ने 37 हत्यारों की मौत की सज़ा कम करने के लिए बाइडेन की आलोचना की

वाशिंगटन (ए)। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को संघीय मौत की सजा पाए 37 लोगों की सजा कम करने के लिए निवर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन की आलोचना की तथा इसे पीड़ितों के परिवारों और दोस्तों के लिए झटका बताया। श्री ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, "जो बाइडेन ने अभी-अभी हमारे देश के 37 सबसे बुरे हत्यारों की मौत की सज़ा कम की है। जब आप प्रत्येक के कृत्यों को सुनेंगे, तो आप विश्वास नहीं करेंगे कि श्री बाइडेन ने उनकी सजा कम कर दी है। इसका कोई मतलब नहीं। रिश्तेदारों तथा दोस्तों को इससे और दुख हुआ है। वे विश्वास नहीं कर सकते हैं कि ऐसा हो रहा है।' श्री बाइडेन ने सोमवार को संघीय मौत की सजा वाले 40 व्यक्तियों में से 37 की सजा को कम कर दिया, उनकी मौत की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया।

## पाकिस्तान के अफगानिस्तान में हवाई हमले से 15 की मौत, तालिबान बोला- नहीं छोड़ेंगे

काबुल(ए.)। बीते रोज पाकिस्तान ने अफगानिस्तान पर ताबड़तोड़ हवाई हमले कर दिए। इससे 15 से अधिक लोगों की मौत हो गई। इस हमले से तिलमिलाय तालिबानी शासन ने कहा कि ये हमारी संप्रभुता की रक्षा का सवाल है हम पाकिस्तान को किसी भी सूरत में नहीं छोड़ेंगे।पाकिस्तानी सेना के करीबी सूत्रों ने बताया कि हमला सीमा के पास तालिबान के ठिकानों को निशाना बनाकर किया गया था। हालांकि पाकिस्तान ने आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं की है। बीते कुछ दिनों से पाकिस्तान और तालिबान हुकूमत के बीच संघर्ष शुरू होता नजर आ रहा है। तालिबान के क्षेत्रीय संगठन पाकिस्तानी तालिबान जिसे तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के नाम से भी जाना जाता है, ने हाल के महीनों में पाकिस्तानी सेना पर लगातार हमले किए हैं जिससे पाकिस्तान को खून खौल रहा है। पाकिस्तान ने तालिबान पर इन आतंकवादियों को शरण देने का आरोप लगाया है। तालिबान रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता इनायतुल्लाह ख़्वारज़्मी ने पाकिस्तान के दावों का खंडन किया है।



## जेलेंस्की का बड़ा दावा, जंग में उत्तर कोरिया के 3000 से अधिक सैनिक या मारे जा चुके हैं या घायल हो गए

कीव (ए)। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच बड़ा दावा कर दिया है। उन्होंने कहा है कि रूस की ओर से लड़ाई में शामिल उत्तर कोरिया के 3000 से अधिक सैनिक या मारे जा चुके हैं या घायल हो गए हैं। जेलेंस्की ने बताया कि आंकड़ा यूक्रेनी खुफिया विभाग द्वारा जुटाई गई जानकारी पर आधारित है। रिपोट्र्स के अनुसार, रूस ने अगस्त 2023 से अब तक उत्तर कोरिया से करीब 12,000 सैनिकों को युद्ध में शामिल करने के लिए भेजा है। यह सैन्य सहयोग रूस और उत्तर कोरिया के बीच गहराते संबंधों को दिखाता है।जेलेंस्की ने रूस और उत्तर कोरिया के बीच बढ़ते सैन्य सहयोग को लेकर चेतावनी दी। जेलेंस्की ने दावा किया कि यह सहयोग न केवल युद्ध को लंबा खींचेगा, बल्कि आधुनिक सैन्य तकनीक और अनुभवों के आदान-प्रदान से वैश्विक सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा करेगा। दक्षिण कोरियाई सांसद ली सुंग-कों ने भी पहले जानकारी दी थी कि उत्तर कोरिया के 100 से अधिक सैनिक मारे गए हैं और करीब 1000 घायल हुए हैं।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले को लेकर भड़का अमेरिका, मोहम्मद यूनुस को फोन पर दे डाली सख्त चेतावनी

ढाका/वाशिंगटन(ए.)। बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के खिलाफ बढ़ती हिंसा और हमलों के मद्देनजर अंतर्राष्ट्रीय समुदाय ने गहरी चिंता व्यक्त की है। संयुक्त राष्ट्र और अमेरिका ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को सख्त चेतावनी देते हुए सभी नागरिकों के मानवाधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान किया है। अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने बांग्लादेश के अंतरिम सरकार प्रमुख मुहम्मद यूनुस से फोन पर बातचीत की और हिंदू अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा पर चिंता व्यक्त की। व्हाइट हाउस द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि दोनों नेताओं ने धर्म की परवाह किए बिना सभी लोगों के मानवाधिकारों का सम्मान करने और उनकी रक्षा करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है।संयुक्त राष्ट्र ने भी ढाका से आग्रह किया है कि वह देश के सभी नागरिकों के मानवाधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करे। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद ने हाल ही में बांग्लादेश में मानवाधिकारों की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया है।ग्लादेश में हिंदू मंदिरों और समुदाय के सदस्यों पर हमले की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। विशेष रूप से शेख हसीना सरकार के पतन के बाद से हिंसा में वृद्धि देखी गई है। व्हाइट हाउस ने 13 दिसंबर को कहा था कि राष्ट्रपति जो बाइडन बांग्लादेश की स्थिति पर बारीकी से नज़र रख रहे हैं और अमेरिका देश की अंतरिम सरकार को धार्मिक और जातीय अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जवाबदेह ठहराएगा।



# मौत को चकमा देकर प्लेन क्रैश में जिंदा बचे कई लोग, चमत्कार से कम नहीं ये



अक्ताऊ(ए.)। कजाकिस्तान से 110 यात्रियों के साथ रूस जा रहा एक यात्री विमान देश के अक्ताऊ शहर में हवाई अड्डे के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह जानकारी कजाकिस्तान इमरजेंसी मिनिस्ट्री ने दी। इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें प्लेन तेजी से नीचे आते और जमीन से टकराने के बाद आग के गोले में तब्दील होता दिखाई दे रहा है। प्लेन के क्रैश होने के बाद आसपास का नजारा बेहद खतरनाक दिख रहा है। लेकिन शुक्र की बात ये है कि इस प्लेन हादसे में कई लोग जिंदा बच गए। किसी प्लेन हादसे में लोगों का जिंदा बचना किसी चमत्कार के कम नहीं है। स्थानीय मीडिया आउटलेट काजप्रावदा केजेड ने बताया कि इस दुर्घटना की वजह से विमान में आग लग गई। मंत्रालय ने कहा, "कजाख इमरजेंसी मिनिस्ट्री के कुल 52 राहत एवं बचाव टीमें और 11 उपकरण टीमें घटनास्थल पर बचाव कार्य के लिए भेजी गई हैं। इन टीमों के घटनास्थल पर पहुंचने पर विमान को आग की लपटों में घिरा हुआ पाया गया। फायर ब्रिगेड कर्मी फिलहाल आग बुझाने में जुटे हैं। कुछ लोगों के जीवित बचे रहने की संभावना है।" शुरुआती रिपोर्ट से पता चलता है कि विमान में 105 यात्री और चालक दल के 5 सदस्य सवार थे।

## कार्यालय, कलेक्टर, जिला नर्मदापुरम, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

### प्रारम्भिक अधिसूचना

नर्मदापुरम, दिनांक 20/12/2024

### अधिसूचना

चूँकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इस संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (5) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (5) में उसके सामने दिए गए प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अत: भूमि अर्जन पुर्नवास और पुर्नव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा-11 की उपधारा (1) के उपबंधो के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि कोई भी व्यक्ति इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इस अधिनियम के अधीनकार्यवाहियों के पूरा हो जाने तक अधिसूचना में विर्निदिष्ट भूमि का कोई संव्यवहार नही करेगा, या कोई संव्यवहार नही करायेगा अथवा ऐसी भूमि पर कोई विलंगम सृजित नही करेगा। राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूची के खाने (4) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के सम्बंध में धारा-12 द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने हेतु प्राधिकृत करता है।

भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 4 के तहत म.प्र. राजपत्र दिनांक 29/10/2021 में प्रकाशित अधिसूचना उपरांत भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 11 (2) (3) अनुसार कार्यवाही प्रस्तावित है। धारा 11 (3) (ग) अनुसार भू-अर्जन अधिनियम पूर्ववर्ती धारा के उपबंधों के बारे में यह समझा जावेगा कि उनका अनुपालन हो चुका है। अत: इसमें उपर्युक्त कारणों से सामाजिक समाधान के निर्धारण अध्ययन की आवश्यकता प्रतीत नहीं होती है।

-: अनुसूची:-

**(1) भूमि का वर्णन**

(क) जिला :- नर्मदापुरम
(ख) तहसील :- पिपरिया
(ग) ग्राम :- जामुनढोंगा
(घ) पटवारी हल्का का नाम एवं नंबर :- सींगानामा, 52
(इ) निजी भूमि का अर्जित क्षेत्रफल :- 28.839 हे.

| क्र. | खसरा नंबर | | अर्जन हेतु रकबा | धारा 12 के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी | प्रयोजन का वर्णन |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 57/15 | | 1.214 | नायब तहसीलदार मटकुली तहसील पिपरिया, वनपरिक्षेत्र अधिकारी पूर्व एवं पश्चिम पचमढी | भारतीय वन अधिनियम 1927 अंतर्गत आरक्षित वन घोषितकरने हेतु |
| 2 | 92 | मे.से. | 0.102 | | |
| 3 | 21 | | 1.032 | | |
| 4 | 10 | | 1.979 | | |
| 5 | 80 | | 0.324 | | |
| 6 | 39 | | 0.263 | | |
| 7 | 4/4 | मे.से. | 0.050 | | |
| 8 | 12 | मे.से. | 0.220 | | |
| 9 | 57/4 | | 1.133 | | |
| 10 | 6 | मे.से. | 0.353 | | |
| 11 | 35 | मे.से. | 0.112 | | |
| 12 | 77 | मे.से. | 0.339 | | |
| 13 | 84 | मे.से. | 0.598 | | |
| 14 | 88 | मे.से. | 0.221 | | |
| 15 | 52 | मे.से. | 0.175 | | |
| 16 | 55 | मे.से. | 1.473 | | |
| 17 | 59 | मे.से. | 0.919 | | |
| 18 | 76 | मे.से. | 0.036 | | |
| 19 | 20/7 | मे.से. | 0.437 | | |
| 20 | 30 | मे.से. | 0.060 | | |
| 21 | 53 | मे.से. | 0.150 | | |
| 22 | 57/8 | मे.से. | 0.582 | | |
| 23 | 63 | मे.से. | 2.539 | | |
| 24 | 106 | मे.से. | 0.289 | | |
| 25 | 110 | मे.से. | 4.462 | | |
| 26 | 14 | मे.से. | 0.342 | | |
| 27 | 25/4 | मे.से. | 0.020 | | |
| 28 | 27 | मे.से. | 0.026 | | |
| 29 | 32 | मे.से. | 0.093 | | |
| 30 | 57/5 | मे.से. | 0.607 | | |
| 31 | 81 | | 0.061 | | |
| 32 | 57/14 | | 0.809 | | |
| 33 | 57/12 | | 0.729 | | |
| 34 | 47 | | 0.417 | | |
| 35 | 20/9 | | 1.214 | | |
| 36 | 41 | | 0.283 | | |
| 37 | 67/3 | मे.से. | 0.101 | | |
| 38 | 57/9/2 | मे.से. | 0.971 | | |
| 39 | 28 | | 0.057 | | |
| 40 | 29 | | 0.085 | | |
| 41 | 57/13 | | 0.405 | | |
| 42 | 3 | | 1.149 | | |
| 43 | 34 | | 0.134 | | |
| 44 | 36 | | 0.174 | | |
| 45 | 64/1 | | 2.100 | | |

उक्त संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी एवं वन व्यवस्थापन अधिकारी पिपरिया में संधारित प्रकरण में देखी जा सकती है।

**म.प्र. के राज्यपाल के नाम से एवं आदेशानुसार**
**( सोनिया मीना )**
**कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव**
**जिला नर्मदापुरम ( म0प्र0 )**

**जी/20792/24**

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें

## कार्यालय, कलेक्टर, जिला नर्मदापुरम, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

### प्रारम्भिक अधिसूचना

नर्मदापुरम, दिनांक 20/12/2024

### अधिसूचना

चूँकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इस संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (5) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (5) में उसके सामने दिए गए प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अत: भूमि अर्जन पुर्नवास और पुर्नव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा-11 की उपधारा (1) के उपबंधो के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि कोई भी व्यक्ति इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इस अधिनियम के अधीनकार्यवाहियों के पूरा हो जाने तक अधिसूचना में विर्निदिष्ट भूमि का कोई संव्यवहार नही करेगा, या कोई संव्यवहार नही करायेगा अथवा ऐसी भूमि पर कोई विलंगम सृजित नही करेगा। राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूची के खाने (4) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के सम्बंध में धारा-12 द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने हेतु प्राधिकृत करता है।

भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 4 के तहत म.प्र. राजपत्र दिनांक 29/10/2021 में प्रकाशित अधिसूचना उपरांत भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 11 (2) (3) अनुसार कार्यवाही प्रस्तावित है। धारा 11 (3) (ग) अनुसार भू-अर्जन अधिनियम पूर्ववर्ती धारा के उपबंधों के बारे में यह समझा जावेगा कि उनका अनुपालन हो चुका है। अत: इसमें उपर्युक्त कारणों से सामाजिक समाधान के निर्धारण अध्ययन की आवश्यकता प्रतीत नहीं होती है।

-: अनुसूची:-

**(1) भूमि का वर्णन**

(क) जिला :- नर्मदापुरम
(ख) तहसील :- पिपरिया
(ग) ग्राम :- मोंगरा
(घ) पटवारी हल्का का नाम एवं नंबर :- मोंगरा, 48
(इ) निजी भूमि का अर्जित क्षेत्रफल :- 69.683 हे.

| क्र. | ख.न. | | अर्जन हेतु रकबा | धारा 12 के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी | प्रयोजन का वर्णन |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 93/2 | | 0.607 | नायब तहसीलदार मटकुली तहसील पिपरिया, वन परिक्षेत्र अधिकारी पूर्व एवं पश्चिम पचमढी | भारतीय वन अधिनियम 1927 अंतर्गत आरक्षित वन घोषितकरने हेतु |
| 2 | 46 | | 0.166 | | |
| 3 | 75 | | 0.186 | | |
| 4 | 76 | | 0.154 | | |
| 5 | 54 | मे.से. | 0.262 | | |
| 6 | 71/3 | मे.से. | 0.486 | | |
| 7 | 57 | | 0.15 | | |
| 8 | 80 | | 0.069 | | |
| 9 | 97 | | 1.315 | | |
| 10 | 41/4 | मे.से. | 0.011 | | |
| 11 | 43 | मे.से. | 0.065 | | |
| 12 | 44 | मे.से. | 0.035 | | |
| 13 | 51/2 | मे.से. | 0.202 | | |
| 14 | 52 | मे.से. | 0.200 | | |
| 15 | 51/1 | मे.से. | 1.006 | | |
| 16 | 66 | | 0.101 | | |
| 17 | 5 | मे.से. | 0.778 | | |
| 18 | 71/4 | | 0.401 | | |
| 19 | 36 | मे.से. | 0.063 | | |
| 20 | 94/2/1 | | 2.776 | | |
| 21 | 16 | | 0.825 | | |
| 22 | 33 | | 1.801 | | |
| 23 | 56 | | 0.154 | | |
| 24 | 74 | | 0.162 | | |
| 25 | 21/2. | | 0.223 | | |
| 26 | 49 | | 1.821 | | |
| 27 | 63,64 | | 0.344 | | |
| 28 | 47 | मे.से. | 0.225 | | |
| 29 | 96 | मे.से. | 7.317 | | |
| 30 | 109/2,110,111, 112, 113, 114 | मे.से. | 8.024 | | |
| 31 | 6/6 | मे.से. | 0.121 | | |
| 32 | 9 | मे.से. | 0.631 | | |
| 33 | 34 | मे.से. | 0.850 | | |
| 34 | 69 | मे.से. | 0.105 | | |
| 35 | 6/2, | | 0.364 | | |
| 36 | 37 | | 3.73 | | |
| 37 | 55 | | 1.724 | | |
| 38 | 109/1/3 | | 4.627 | | |
| 39 | 21/7 | | 0.162 | | |
| 40 | 23 | | 2.031 | | |
| 41 | 25 | | 2.497 | | |
| 42 | 31 | | 0.279 | | |
| 43 | 38/2 | | 0.809 | | |
| 44 | 40 | | 1.453 | | |
| 45 | 41/2 | | 0.032 | | |
| 46 | 42 | | 0.259 | | |
| 47 | 53 | | 0.299 | | |
| 48 | 59 | | 0.146 | | |
| 49 | 72/2,72/3,77/1, 77/2,81/1 | | 2.242 | | |
| 50 | 73 | | 0.482 | | |
| 51 | 86 | | 0.089 | | |
| 52 | 88 | | 1.068 | | |
| 53 | 90 | | 0.53 | | |
| 54 | 92 | | 0.587 | | |
| 55 | 94/1 | | 0.672 | | |
| 56 | 6/4 | | 0.502 | | |
| 57 | 48 | | 0.182 | | |
| 58 | 50,102/3,102/4 | | 2.771 | | |
| 59 | 65 | | 0.073 | | |
| 60 | 17/1,18 | | 5.066 | | |
| 61 | 20 | | 1.267 | | |
| 62 | 22 | | 4.104 | | |

उक्त संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी एवं वन व्यवस्थापन अधिकारी पिपरिया में संधारित प्रकरण में देखी जा सकती है।

**म.प्र. के राज्यपाल के नाम से एवं आदेशानुसार**
**( सोनिया मीना )**
**कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव**
**जिला नर्मदापुरम ( म0प्र0 )**

**जी/20809/24**

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें

# खेल समाचार

## डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचने भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया से जीतने होंगे दोनो मैच



मुम्बई (ए.)। अगामी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में कौन सी चार टीमें पहुंचेंगी। ये अभी तक तय नहीं हुआ है। फाइनल की रेस में भारत, ऑस्ट्रेलिया दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका जैसी टीमें हैं। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीद अभी दो टेस्टमैच होने हैं और भारतीय टीम को अगर सीधे फाइनल में जगह बनानी है तो इन दोनो को ही जीतना होगा।अभी डब्ल्यूटीसी अंकतालिका में दक्षिण अफ्रीका पहले नंबर पर है। दक्षिण अफ्रीका के 10 मैचों में से 6 जीत, तीन हार और एक ड्रॉ से 76 अंक हैं। उसका अंक प्रतिशत 63.33 है। वहीं ऑस्ट्रेलियाई टीम दूसरे स्थान पर है। ऑस्ट्रेलिया के 15 मैचों में 9 जीत, चार हार और 2 ड्रॉ से 106 अंक हैं। उसका अंक प्रतिशत 58.89 है। तीसरे नंबर पर मौजूदा भारत के 17 मैचों में 9 जीत, 6 हार और 2 ड्रॉ से 114 अंक हैं। भारत का अंकों का प्रतिशत 55.88 है। भारतीय टीम को अभी दो मैच ऑस्ट्रेलिया से खेलने हैं।उधर श्रीलंकाई टीम पांचवें नंबर पर है पर उसके भी फाइनल में पहुंचने की संभावनाएं कम हैं। श्रीलंकाई टीम के 45.45 प्रतिशत अंक हैं और वह अधिकतम 53.85 प्रतिशत अंकों तक पहुंच सकती है। 48.21 प्रतिशत अंकों के साथ चौथे नंबर पर न्यूजीलैंड की टीम है, जो रेस से बाहर हो चुकी है। इंग्लैंड छठे, पाकिस्तान सातवें, बांग्लादेश आठवें और वेस्टइंडीज नौवें स्थान पर है।

## ऑस्ट्रेलिया की कमज़ोर बल्लेबाजी लाइन-अप का मतलब है कि भारत आगे है : शास्त्री

मेलबर्न (आरएनएस)। भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया की कमज़ोर बल्लेबाजी लाइन-अप का मतलब है कि गुरुवार से मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) पर शुरू होने वाले बॉक्सिंग डे टेस्ट से पहले भारत आगे है।पांच मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज़ फिलहाल 1-1 से बराबर है। मुझे लगता है कि यह काफी कमज़ोर रही है। जब आप इस ऑस्ट्रेलियाई लाइन-अप को देखते हैं, तो मुझे बहुत समय हो गया है जब मैंने ऐसा ऑस्ट्रेलियाई लाइन-अप देखा है जिसमें शीर्ष क्रम इतना कमज़ोर हो। भारत ने इसका फ़ायदा उठाया है और आगे भी उठाता रहेगा।शास्त्री ने न्यूज़डॉटकॉमडॉटएयू से कहा, मुझे लगता है कि यह एक शानदार मैच होने वाला है। मुझे लगता है कि भारत इस सीरीज़ को जीत लेगा, जिस तरह से यह सीरीज़ आगे बढ़ रही है।



# दो पूर्व मंत्रियों की तनातनी के बाद से ही नर्मदा हर्बल पार्क का हुआ है कबाड़ा

## विभाग और शासन की अनदेखी का शिकार हर्बल पार्क की नहीं सुधर रही दशा




नर्मदापुरम (बलराम शर्मा)। प्रदेश के दो पूर्व वन मंत्रियों की आपसी तनातनी के कारण और शासन प्रशासनिक उदासीनता के चलते शहर के समीप कलेक्ट्रेट से सटे हुए इस पार्क में 12 वर्ष पूर्व अच्छी खासी रौनक रहती थी। अब यहां पर व्यवस्था के नाम पर कुछ नहीं है। पूर्व में वन विभाग के द्वारा बनाए गए प्लान से पर्यटन को बढ़ावा दिए जाने से नर्मदा तट के हरे भरे हर्बल पार्क में जैव विवधता, आकर्षक पाथ-वे, योगाभ्यास केंद्र, वन्य प्राणियों की शरण स्थली, औषधीय पौधों की नर्सरी, तितलियों का बसेरा, सहित वनस्पति प्रेमियों के लिए प्रेरणादायी पार्क बनने और बच्चों के लिए मनोरंजन के साधन उपलब्ध कराने का सपना दिखाया गया था। लेकिन दुर्दशा को सुधारने की पहल नहीं हो सकी है।

### आकर्षण का केंद्र रहा है हर्बल पार्क

12 वर्ष पूर्व नर्मदा तट का मनोहारी हर्बल पार्क लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ था। यहां पर वन्य प्राणियों का बसेरा तो है ही। स्कूली बच्चों को वनस्पतियों, वनोषधियों तथा अन्य आवश्यक जानकारियां तथा अनेक प्रतियोगिताएं की जाती थी। कुछ समय से सभी कुछ ठप है।

### पूर्व में था शांतिवन बाद में हुआ हर्बल पार्क

हर्बल पार्क के संबंध में कलेक्ट्रेट से सेवा निवृत्त, पर्यावरण प्रेमी, समाजसेवी गोपीकांत घोष बताते हैं कि पूर्व में नजूल क्षेत्र में शहर के पशुओं के लिए चारागाह के रूप में करीब 30 एकड़ में फैला हुआ था। सुनसान एरिया था। इस क्षेत्र में श्मशान घाट था। यहां पर पुरातत्ववेत्ता व इतिहासकार स्व. धर्मेंद्र प्रसाद इस पार्क के बारे में चिंतित रहते थे उनका कहना था कि नर्मदा तट व सघन वृक्ष होने से बहुत शांति है। उनके कहने पर इसका नाम शांति वन रख दिया था। उन्होंने सलाह दी थी कि इसे हर्बल पार्क के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। तब मैंने इस पार्क के लिए तत्कालीन कलेक्ट्रर हरिरंजन राव से चर्चा की उन्होंने तुरंत वन विभाग से कहकर यहां पर औषधीय पौधे तैयार करने के लिए नजूल से वन विभाग को हस्तांरित किया था। तब उन्होंने हर्बल पार्क बना दिया था।


### जैव विविधता के रूप में विकसित

वन विभाग के उप वनपाल आरआर सोनी को जब इस पार्क का जिम्मा सौंपा गया तो उन्होंने 2004 से लेकर 2009 तक अपनी सेवाएं देते हुए इस शांतिवन को हर्बल पार्क के रूप में विकसित कर दिया था। यहां पर जैवविधिता को विकसित किया गया। नर्मदा तट पर कंदब का पेड़, रूद्राक्ष सहित अन्य अनेक दुर्लभ पेड़ पौधों के साथ औषधीय पौधे तैयार होने लगे थे। इस पार्क को दो बार 2007-08 में जैव विविधता बोर्ड ने पुरूस्कृत किया है।

### विकसित करने की बनी थी योजना

पूर्व वनमंत्री सरताज सिंह ने इस पार्क को नया स्वरूप देने की योजना बनाई थी हैरीटेज व अन्य दुकाने बनाते हुए पार्क को विकसित करने की योजना बनाई ही थी। उसके कुछ दिनों बाद उन्हें वन मंत्री पद से हटाने के बाद लोनिवि मंत्री बना दिया था,और डॉ गोरीशंकर सेजवार वन मंत्री हो गए थे। दोनों मंत्री के बीच अनबन थी। डॉ सेजवार की पत्नी स्वास्थ्य विभाग की जेडी थी वे जिला अस्पताल का निरीक्षण करने आई थी तब वे हर्बल पार्क में बने विश्राम भवन में पहुंची तो वहां पर ताला लगा था। तब वन मंत्री शेजवार ने नाराज होकर हर्बल पार्क के सर्किट हाउस को तुड़वा दिया था। फिर हर्बल पार्क की ओर विभाग ने ध्यान देना ही बंद कर दिया। उसके बाद से उपेक्षित रहा है। आर आर सोनी ने बताया कि वन विभाग का तत्कालीन अमले के बजह से 2005 से 2011 तक सफलता के आयाम छूता रहा और पुरष्कृत हुआ। यहां 'विश्व पृथ्वी सम्मेलन' बिना बिघ्न के सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ था। अनेक आयोजन होते रहे हैं।

# धूमधाम से मना क्रिसमस डे, शहर के गिरजाघरों में हुए कार्यक्रम



नर्मदापुरम (निप्र)। यीशु मसीह के जन्म दिन के अवसर पर शहर के सभी चर्च में विशेष कार्यक्रम आयोजित हुए। यह पर्व ईषाई समुदाय का सबसे प्रमुख पर्व होने के कारण बड़ा दिन धूमधाम से मनाया गया। क्रिसमस को लेकर बीते एक सप्ताह से शहर के सभी चर्च सज रहे थे। शहर के ईषाई समुदायों में विशेष कर बच्चों में इस पर्व को लेकर विशेष उत्साह रहा। सभी चर्च में बीते कुछ दिनों से साज सज्जा की गई है। एक दिन पूर्व ईषाई समाज के लोगों ने रसूलिया के प्राचीन चर्च से एक जुलूस धूमधाम से निकाला जो कि पूरे शहर में भ्रमण के बाद देर रात्रि में वापस रसूलिया स्थित चर्च में समापन हुआ। कोठी बाजार की प्राचीन चर्च में भी क्रिसमस पर्व श्रद्धाभाव से मनाया गया। बाइबिल का विशेष पाठ हुआ इसी के साथ सुबह 9 बजे से एक विशेष प्रार्थना सभा हुई जिसमें भजन कीर्तन हुए। कोठीबाजार की चर्च में सुबह से लेकर रात तक आयोजन होते रहे। यहां पर विशप संतोष सागर के द्वारा प्रभु यीशु के जन्म के बारे में बताया गया। तथा बाईबिल का पाठ हुआ।

### वास्तुकला में भी अद्भुत हैं शहर के चर्च

शहर में जितने भी चर्च हैं। प्राचीन समय में बने हैं लेकिन ये सभी चर्च वास्तुकला के हिसाब से भी अद्भुत है। क्योंकि इनकी लंबाई चौड़ाई से लेकर प्रवेश द्वार प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य सभी ओर से वास्तु शास्त्र के हिसाब से बने हुए नजर आते हैं।

### जिले के प्रमुख चर्च

जिले के प्रमुख प्राचीन चर्च में सेंट जान चर्च, फ्रेंडस चर्च मित्र मंडली गिरजाघर, रोमन केथोलिक आराधनालय, मित्र अराधनालय, फ्रेंडस चर्च सदर बाजार के प्राचीन चर्च का इतिहास सबसे पुराना है इसका निर्माण 1878 में अंग्रेजों के कार्यकाल के दौरान हुआ था। शहर में ईषाई समाज के आधा दर्जन चर्च हैं जिनमें सदर बाजार का सेंट जार्ज चर्च और जुमेराती का फ्रेंडस मित्र मंडली गिरजाघर ये दोनों चर्च प्राचीन हैं। इन चर्च में विशेष कार्यक्रम क्रिसमस डे के अवसर पर आयोजित होते हैं। दिन भर यहां पर कीर्तन के आयोजन और सभाएं आयोजित होंगीं।

# दुकान की लिफ्ट गिरने से 5 कर्मचारी घायल

## लिफ्ट लगाने आए ठेकेदार और मजदूर झटके से लिफ्ट समेत नीचे गिरे

नर्मदापुरम (निप्र)। लिफ्ट में ऐसा झटका आया कि लिप्ट ही गिर गई जिससे पांच लोग घायल हो गए। शहर सेंट्रल बैंक के पास स्थित एक दुकान में मंगलवार रात को लिफ्ट गिरने की घटना हुई। जिसमें भोपाल से लिफ्ट लगाने आए ठेकेदार सहित उसके तीन मजदूर और एक दुकान का कर्मचारी घायल हो गया। घटना रात करीब 9.15 बजे की बताई जा रहा रही है। 9.30 बजे सभी घायलों को ऑटो से अस्पताल लाया गया जहां उनका उपचार शुरू हो सका।

# महाकुंभ में अखाड़ा परिषदों के लिए भोजन थाली और कपड़ों के थैलों का एकत्रिकरण




नर्मदापुरम (निप्र)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में अखाड़ा परिषदों को प्रदान किए जाने हेतु संपूर्ण प्रदेश से भोजन थाली एवं यात्रियों के उपयोग हेतु कपड़ों के थेलों का वितरण किये जाने हेतु राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला नर्मदापुरम के स्वयंसेवकों द्वारा एकत्रीकरण का कार्य किया जा रहा है। इस महा अभियान में भारत विकास परिषद द्वारा भी 21 थाली एवं 21 थेलों का सहयोग प्रदान कर महायज्ञ में छोटी सी आहुति समर्पित की है। संघ के पदधिकारी नगर पर्यावरण प्रमुख अमित नामदेव, जिला सह कार्यवाहक योगेश पवार, नगर कार्यवाहक आदित्य सेठा, जिला प्रचार प्रमुख आशीष गुप्ता को भारत विकास परिषद की वरिष्ठ सदस्य श्रीमती दुर्गा भदोरिया के निज निवास पर एकत्रित होकर डी एस डांगी अध्यक्ष भारत विकास परिषद एवं सदस्य हरि सिंह चौहान अमन दुबे चंद्रशेखर शर्मा नलिन पटेल बपवन मित्तल,श्रीमती अमर ज्योति भदोरिया, श्रीमती शील चौहान श्रीमती वंदना शर्मा श्रीमती ज्योति राजपूत श्रीमती ममता राजपूत, राधा भदौरिया आदि के द्वारा उपस्थित होकर सामग्री प्रदान की गई।

# सभी चिन्हित योजनाओं मे लाभ से कोई भी पात्र व्यक्ति न छूटे : संभागीय उपायुक्त

नर्मदापुरम (निप्र)। संभागीय उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग जेपी यादव ने मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के तहत केसला विकासखंड के ग्राम भरगदा शिविर मे उपस्थित होकर लोगों की समस्याएं सुनी संभागीय उपायुक्त ने उपस्थित विभिन्न विभाग के कर्मचारियों को निर्देशित किया इस जन कल्याण शिविर मे प्राप्त होने वाले आवेदनों का त्वरित निराकरण कर लाभ प्रदान करें कोई भी तकनिकी समस्या होने पर उसके निराकरण के लिए लोगों को मदद करें चिन्हित हितग्राही मुलक योजनाओं का सर्वे करें ताकी कोई भी पात्र व्यक्ति किसी भी योजना के लाभ से वंचित न रहे इस दौरान जनपद अध्यक्ष गंगाराम कलमे, विकास खंड शिक्षा अधिकारी आशा मौर्य, गाँव के पूर्व सरपंच तथा विधायक प्रतिनिधि श्रीनाथ यादव सचिव कमल परते तथा विभिन्न विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे ।

# श्रीमद्भागवत महापुराण भक्ति तथा मुक्ति दोनों प्रदान करने वाली है' पं आचार्य अविनाश मिश्रा

## श्रीमद्भागवत सामूहिक मूलपाठ एवं संगीतमय कथा का शुभारंभ हुआ



नर्मदापुरम (निप्र)। पौष कृष्ण नवमी से स्थानीय गीता मेरेज पैलेस आई टी आई रोड पर संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा एवम सामूहिक मूल पाठ का सस्वर आयोजन आरंभ हो गया है। प्रात: 8 बजे विवेकानंद घाट से मां नर्मदा के पूजन अभिषेक कर भव्य कलश यात्रा कर वृन्दावन से पधारे विद्वान पुरोहितों द्वारा मूलपाठ किया जावेगा। उक्ताशय की जानकारी देते हुए कथावाचक आचार्य अविनाश मिश्रा ने मूलपाठ कथा महत्व को बताते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत महापुराण भक्ति तथा मुक्ति दोनों प्रदान करने वाली है द्य जिस परिवार के नाम से श्रीमद्भागवत महापुराण का पाठ होता है उस परिवार में भक्ति का प्रादुर्भाव स्वत: ही हो जाता है। माता लक्ष्मी की कृपा हमेशा बनी रहती है। शत्रु स्वत: ही नष्ट हो जाते हैं द्य व्यक्ति को मान.सम्मान की प्राप्ति होती है। उस परिवार में दरिद्रता कभी नहीं आती।

भाग्योदयेन बहुजन्मसमार्जितेन, सत्स-मंच लभते पुरुषो यदा वै। श्रीमद्भागवत मूल पाठ कराने का अथवा इस पाठ के श्रवण का सौभाग्य ऐसे ही प्राप्त नहीं हो जाता यह आपके अनेक जन्मों का पुण्य जब उदय होता है तब इस पाठ कराने का सौभाग्य प्राप्त होता है और माँ नर्मदा तीर्थ क्षेत्र में होने के कारण इसका फल द्विगुणित हो जाता है । अधिक से अधिक संख्या में पौष पितृपक्ष में कथा श्रवण का धर्मप्रेमी अपने पुण्य को अक्षुण्य बनाने अवश्य पधारें।

## कलेक्टर ने कर्मचारियों को नियुक्ति प्रमाण पत्र वितरित किए

नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर सोनिया मीना ने नव नियुक्त कर्मचारियों को नियुक्ति प्रमाण पत्र वितरित किए। नर्मदापुरम कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर सोनिया मीना ने राजस्व विभाग के लिए स्टेनोग्राफर वर्ग 3 के पद के लिए प्रथमेश पटेल, सहायक ग्रेड 3 के पद के लिए आनंद भार्गव, शिवम कुमार तिवारी, प्रशांत श्रीवास्तव, अनुराग सक्सैना, रितु पांडे एवं जनजाति कार्य विभाग में भृत्य पद के लिए श्रीमती विनीता बामने को नियुक्ति प्रमाण पत्र वितरित किए।

## मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान और राजस्व अभियान 3.0 के तहत ग्राम थुआ में शिविर आयोजित

नर्मदापुरम (निप्र)। मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान एवं राजस्व अभियान 3.0 अंतर्गत ग्राम थुआ में गत दिवस आयोजित शिविर तमें राजस्व प्रकरणों का 15 दिवस में त्वरित निराकरण कर ग्राम पंचायत थुआ अविवादित नामांतरण पात्र हितग्राही ग्राम कुसुमकुई सत्यनारायणसिंह पिता आधारसिंह, धर्मेन्द्र पिता राधेश्याम, सुरजीत पिता गोपाल सिंह ग्राम थुआ पालनसिंह पिता गुलाब सिंह, सिंपल पत्नी कपिल कुमार ग्राम म्याऊगाँव आयुषी पिता रामशंकर को प्रकरण के आदेश एवं खसरे की नकल प्रदान की गई।

# कलेक्टर ने क्षेत्रीय कृषि अनुसंधान केंद्र एवं कृषि महाविद्यालय पवारखेड़ा का निरीक्षण किया

## प्याज, मिर्च, सोयाबीन, गेहूं, गन्ने की नई वैरायटी का किया अवलोकन



नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर सोनिया मीना ने क्षेत्रीय कृषि अनुसंधान केंद्र एवं कृषि महाविद्यालय पवारखेड़ा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्याज, सोयाबीन, आलू, टमाटर, मिर्च, गन्ने, सरसों एवं आलू की नई वैरायटी का अवलोकन किया। उल्लेखनीय है कि कृषि अनुसंधान केंद्र पवारखेड़ा की स्थापना 1903 में हुई थी। मुख्यत: यह गेहूं की नई वैरायटी को डेवलप करने के लिए स्थापित की गई थी । लेकिन बाद में तीन से चार और नई फसले भी अनुसंधान के लिए जुड़ गई, यहां गेहूं अनुसंधान केंद्र, गन्ना अनुसंधान केंद्र, जल प्रबंधन, आईएफएस पर कार्य किया जा रहा है। वर्तमान में गेहूं की 56 वैरायटी एवं गन्ना की चार वैरायटी लगाई गई है, जो की बहुत बड़ी उपलब्धि है। वर्ष 2016-17 में कृषि महाविद्यालय भी प्रारंभ किया गया जो सफलतापूर्वक चल रहा है। वर्तमान में 218 बच्चे यहां पढ़ाई कर रहे हैं। यहां मुख्यत: विभिन्न फसलों के बीज का उत्पादन किया जाता है।

**कलेक्टर ने चना की नई क्रॉप का निरीक्षण किया**

कलेक्टर सोनिया मीना ने कृषि अनुसंधान केंद्र में लगाए गए चना की नई वैरायटियों का निरीक्षण किया। बताया गया कि यहां चने की हार्वेस्टर से कटाई करते हैं। हार्वेस्टर से कटाई करने पर शीट थोड़ी ऊंचाई पर रहने से नीचे कोई नुकसान नहीं पहुंचता है। यह फर्स्ट हार्वेस्टिंग मैकेनिक पद्धति है जो स्पेशल उद्देश्य के लिए डेवलप की गई है। प्रजनन बीज उत्पादन कार्य के अंतर्गत इसे किया जा रहा है। यह एक अलग प्रकार की फसल है। इसमें एक ही सिंचाई लगती है फिर एक बार और फोडिग स्टेज पर पानी लगता है।

**सरसों की क्राफ्ट का किया अवलोकन**

कलेक्टर ने फार्म में लगे सरसों की नई वैरायटी का अवलोकन किया। डीन डॉक्टर चटर्जी ने बताया कि चंबल से विशेष रूप से बीज मंगवाए गए हैं क्योंकि यहां पर तिलहन को बढ़ावा देना था। 10 हेक्टेयर में सरसों लगाया गया है। बताया गया कि जिले में 7 से 8 हजार हेक्टेयर में किसानों ने सरसों लगाया है। साथ ही पल्सर में चना की चार लाइन एवं सरसों की दो लाइन लगाकर फसल लिया गया है। सोयाबीन मुख्यत: आइल के उद्देश्य से लगाए जा रहे हैं। वहीं तुवर दाल की फसल सिवनी मालवा पिपरिया, गाडरवारा में लगाई जाती है। सोयाबीन चिक्की, प्याज, मटर, आलू की नई किस्म की और किसानों का रुझान बढा है। साथ ही मंडी रेट पर ही इनके बीज सेल किये जाते हैं। एक हेक्टेयर में तीन लाख तक का मुनाफा सोयाबीन से प्राप्त हो रहा है। सोयाबीन की टी 11 एवं टी 12 क्राफ्ट प्रोटीन से भरपूर है। किसानों को भी समझाइश दे रहे हैं। टी 5 एवं टी 6 न्यूट्रिशंस से भरपूर है। मिट्टी के मेंटेनेंस पर भी कार्य किया जा रहा है। मूंग उड़द एवं चना चिक्की भी ले रहे हैं। गेहूं की किस्म टी11 एवं टी 12 को अडॉप्ट करने में सफल हुए हैं। 5 साल बाद इसकी रिकमेंड करेंगे। बताया गया कि पशुओं के लिए चारा भी पर्याप्त मिल जाता है। वर्तमान में फॉर्म में ऑर्गेनिक फार्मिंग नहीं की जा रही है। फर्टिलाइजर का उपयोग किया जा रहा है। देशी बीजों का ही उपयोग करते हैं। इससे कई वैरायटी के बीज बनाते हैं। जिसे 5 से 7 साल तक टेस्टिंग के बाद अपनाते हैं। डाटा कंबाइन करने के बाद ही नई वैरायटी को चिन्हित किया जाता है। तब अंत में जाकर बीज फाइनल होता है और इसे किसानो तक पहुंचाया जाता है।

**दो वैरायटी की क्रॉसिंग भी की जा रही है**

कृषि वैज्ञानिकों ने बताया कि फॉर्म में दो अलग-अलग वैरायटी की फसलों की क्रॉसिंग भी करते हैं, इससे 7 साल तक स्टेबल किया जाता है और टेस्टिंग के बाद क्वालिटी चेक कर अपनाया जाता है। गेहूं की नई क्रॉप में जिक आयरन प्रोटीन चपाती मेकिंग कलर सब की टेस्टिंग की जाती है। लैब में टेस्टिंग के बाद यह देखा जाता है कि यह बायो फोर्टीफाइड है या नॉन बायो फोर्टीफाइड है।

## कार्यालय, कलेक्टर, जिला नर्मदापुरम, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

### प्रारम्भिक अधिसूचना

नर्मदापुरम, दिनांक 20/12/2024

### अधिसूचना

चूँकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इस संलग्र अनुसूची के खाने (1) से (5) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (5) में उसके सामने दिए गए प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अत: भूमि अर्जन पुर्नवास और पुर्नव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा-11 की उपधारा (1) के उपबंधो के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि कोई भी व्यक्ति इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इस अधिनियम के अधीन कार्यवाहियों के पूरा हो जाने तक अधिसूचना में विर्निदिष्ट भूमि का कोई संव्यवहार नही करेगा, या कोई संव्यवहार नही करायेगा अथवा ऐसी भूमि पर कोई विलंगम सृजित नहीं करेगा। राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूची के खाने (4) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के सम्बंध में धारा-12 द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने हेतु प्राधिकृत करता है।

भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 4 के तहत म.प्र. राजपत्र दिनांक 29/10/2021 में प्रकाशित अधिसूचना उपरांत भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 11 (2) (3) अनुसार कार्यवाही प्रस्तावित है। धारा 11(3) (ग) अनुसार भू-अर्जन अधिनियम पूर्ववर्ती धारा के उपबंधों के बारे में यह समझा जावेगा कि उनका अनुपालन हो चुका है। अत: इसमें उपर्युक्त कारणों से सामाजिक समाधात के निर्धारण अध्ययन की आवश्यकता प्रतीत नहीं होती है।

-: अनुसूची:-

**(1) भूमि का वर्णन**

(क) जिला :- नर्मदापुरम
(ख) तहसील :- पिपरिया
(ग) ग्राम :- मुआर
(घ) पटवारी हल्का का नाम एवं नंबर :- सींगानामा, 52
(इ) निजी भूमि का अर्जित क्षेत्रफल :- 11.584. हे.

| क्र. | खसरा नंबर | | अर्जन हेतु रकबा | धारा 12 के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी | प्रयोजन का वर्णन |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 32 | | 0.121 | नायब तहसीलदार मटकुली तहसील पिपरिया, वन परिक्षेत्र अधिकारी पूर्व एवं पश्चिम पचमढी | भारतीय वन अधिनियम 1927 अंतर्गत आरक्षित वन घोषित करने हेतु |
| 2 | 37/4 | | 0.729 | | |
| 3 | 39 | | 0.910 | | |
| 4 | 37/3 | मे से | 0.777 | | |
| 5 | 15 | मे से | 0.247 | | |
| 6 | 9/2 | मे से | 0.890 | | |
| 7 | 20/1 | मे से | 0.104 | | |
| 8 | 29 | | 0.344 | | |
| 9 | 31 | | 0.462 | | |
| 10 | 34 | | 1.21 | | |
| 11 | 37/5 | | 0.914 | | |
| 12 | 38 | | 1.404 | | |
| 13 | 43/6 | | 1.376 | | |
| 14 | 37/2 | | 1.651 | | |
| 15 | 41 | | 0.445 | | |

उक्त संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी एवं वन व्यवस्थापन अधिकारी पिपरिया में संधारित प्रकरण में देखी जा सकती है।

म.प्र. के राज्यपाल के नाम से एवं आदेशानुसार
(सोनिया मीना)
कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव
जिला नर्मदापुरम (म0प्र0)

जी/20798/24

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com